मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशित: भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

भोपाल
शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

■ वर्ष: 30 ■ अंक: 118
■ पेज: 8 ■ मूल्य: 1.50/- रुपए

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

एक्सप्रेस न्यूज

गोधरा कांड पर सुनवाई 6-7 मई को

नई दिल्ली, ईएमएस। सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा। 6 और 7 मई को पूरे दिन सुनवाई होगी। इस दौरान किसी अन्य मामले पर तब तक सुनवाई नहीं होगी जब तक कि कोर्ट की तरफ से विशेष तौर पर नहीं कहा जाए। बेंच ने दोषियों में से एक की ओर से पेश वकील संजय हेगड़े से 3 मई तक अपनी दलीलों को कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। दलील में दोषी पर लगे आरोपों की लिस्ट, निचली अदालतों के फैसलों का ब्योरा देना है।

चुपके-चुपके

दिल्ली की तर्ज पर बन रहा माननीय का शीश महल

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री की तर्ज पर मप्र में भी एक माननीय अपने सरकारी बंगले को शीश महल की तरह बनवा रहे हैं। मंत्री के बंगले में हो रहे निर्माण कार्य को देखकर हर कोई अचंभित हो जाता है। खबरची का कहना है कि प्रदेश सरकार में सबसे सादगी और शांत तरीके से रहने वाले मंत्री जी का यह शीश महल सरकारी खर्चे पर बनाया जा रहा है। यहां बता दें कि मंत्री जी के पास सबसे कमाऊ विभाग के साथ ही प्रदेश के खजाने की चाबी भी है। इस कार्यकाल में मंत्री जी कई आरोपों से घिर भी चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि माननीय सरकार के सबसे करीबी मंत्री हैं और वे मुख्यमंत्री बनने की आस लगाए बैठे हैं। उन्हें उम्मीद है कि चुनावी साल में उनकी लॉटरी लग सकती है।

-खबरची

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री से दिग्विजय ने की जांच की मांग

ऑर्गेनिक कॉटन प्रमाणीकरण फर्जीवाड़े में घिरी 25 एजेंसियां बहाल

भोपाल, ईएमएस। मप्र के मालवा क्षेत्र में ऑर्गेनिक कॉटन के प्रमाणीकरण में गड़बड़ी के आरोपों में घिरी 198 प्रमाणन एजेंसियों के पंजीयन सस्पेंड और निरस्त किए गए थे। महीने भर बाद ही 25 प्रमाणन एजेंसियों के पंजीयन बहाल कर दिए गए हैं। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर इन एजेंसियों पर एफआईआर दर्ज कर बारीकी से जांच करने की मांग की है। दिग्विजय सिंह ने केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 28 नवंबर 2024 को भेजे गए पत्र की कॉपी भेजने के साथ ही लिखा है। पत्र के माध्यम से आपने अवगत कराया था कि जैविक कपास के प्रमाणीकरण में अनियमितताओं पर आपने जांच कराई थी। इसमें राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम विनियमन की प्रमाणन प्रक्रिया में गंभीर उल्लंघन पाया गया था।

एनआईए ने प्रज्ञा के लिए मांगी मौत की सजा

प्रज्ञा ठाकुर पर धमाके की साजिश रचने के आरोप, 8 मई को आएगा फैसला

भोपाल, ईएमएस। साल 2008 के मालेगांव बम धमाके के आरोपों से घिरी भोपाल से भाजपा की सांसद रहीं प्रज्ञा सिंह ठाकुर सहित सात आरोपियों को एनआईए ने मौत की सजा देने की मांग कोर्ट से की है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मुंबई के स्पेशल कोर्ट से 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में सभी सात आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 16 के तहत मौत की सजा देने का अनुरोध किया है। एनआईए ने आखिरी दलील दायर की 17 साल पुराने बम धमाके में छह मुस्लिम मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए। मामले की दलीलें पूरी होने के बाद एनआईए की आखिरी लिखित दलील दायर की है। एनआईए द्वारा दायर की गई इस दलील में डेढ़ हजार से ज्यादा पेज हैं। हालांकि, कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जज एके लाहोटी 8 मई को अपना फैसला सुनाएंगे। मामले में साध्वी प्रज्ञा, कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, स्वामी दयानंद पांडे और सुधाकर चतुर्वेदी पर हिंदुत्व विचारधारा से जुड़ी एक व्यापक साजिश के तहत विस्फोट की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप है।

323 गवाहों में से 32 ने बदल दिए थे बयान

एनआईए ने पहले साध्वी प्रज्ञा को बरी कराने का प्रयास किया था जिसमें एनआईए की ओर से कहा गया था कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने अब अपना रुख बदल दिया है। एनआईए ने अदालत से किसी भी तरह की नरमी न बरतने का आग्रह किया है। जबकि 323 गवाहों में से 32 ने कथित तौर पर दबाव में आकर अपने बयान वापस ले लिए।

आरोपियों को मौत की सजा दी जाए

जमीयत उलेमा महाराष्ट्र के लीगल सेल के वकील शाहिद ने कहा कि एजेंसी ने यूएपीए की धारा 16 का हवाला देते हुए आरोपियों के लिए सख्त सजा की अपील की है। अगर आतंकवादी गतिविधि के परिणामस्वरूप मौत होती है तो दोषी को मौत की सजा दी जा सकती है। जमीयत के सीनियर वकील शरीफ शेख ने भी साध्वी प्रज्ञा के खिलाफ सबूतों की गंभीरता को दोहराते हुए कहा कि उन्होंने साजिश की बैठकों में हिस्सा लिया और उनकी मोटरसाइकिल एलएमएल फ्रीडम का इस्तेमाल बम लगाने के लिए किया गया।

फटाफट खबरें

गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली, ईएमएस। भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी मिली है। बुधवार को आईएसआईएस कश्मीर नाम की मेल आईडी से दो मेल आए। दोनों में लिखा था- आई किल यू। इसके बाद गौतम ने गुरुवार को दिल्ली के राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। गंभीर ने पुलिस से परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। गंभीर को नवंबर 2021 में भी धमकी भरा मेल आया था।

खालिस्तानी आतंकी मंगत सिंह गिरफ्तार

अमृतसर, ईएमएस। उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते और साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने अमृतसर में छापेमारी कर एक खालिस्तानी आतंकवादी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आतंकवादी पिछले 30 वर्षों से फरार चल रहा था। सूचना मिलने के बाद यूपी एटीएस की टीम ने अमृतसर ग्रामीण पुलिस से संपर्क किया। जिसके बाद टिम्मेवाला गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आतंकवादी की पहचान मंगत सिंह के रूप में हुई है।

सांसद गोखले का वेतन जब्त

नई दिल्ली, ईएमएस। दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व राजनयिक लक्ष्मी पुरी द्वारा दायर मानहानि मामले में टीएमसी सांसद साकेत गोखले की सैलरी जब्त करने का आदेश दिया है। जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने कहा कि गोखले को पहले संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मी पुरी से माफी मांगने और 50 लाख रुपये हर्जाना देने का निर्देश दिया गया था, हालांकि, कोर्ट ने कहा कि गोखले ने न तो जुर्माना राशि जमा की और न ही कोई उचित स्पष्टीकरण दिया। कोर्ट ने आदेश दिया, तदनुसार, सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 60(1) के तहत गोखले की सैलरी, जो 1.90 लाख रुपये बताई गई है।

आज का कार्टून

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आयोजित सर्वदलिए बैठक में सभी पार्टियों ने पाकिस्तान के खिलाफ दिखाई एकजुटता, राहुल बोले-हर एक्शन पर सरकार के साथ

आतंक के खिलाफ देश एकजुट

पाकिस्तान ने सभी द्विपक्षीय समझौते सस्पेंड किए इस्लामाबाद में भारतीय हाईकमीशन के बाहर हंगामा

एनएससी बैठक के बाद पाकिस्तान ने कहा अगर भारत ने सिंधु जल रोका तो यह जंग जैसा होगा

नई दिल्ली, ईएमएस। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत सरकार ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ 5 कड़े फैसले लेने के बाद अब गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और गृहमंत्री अमित शाह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने पहुंचे। यह उच्चस्तरीय बैठक सुरक्षा स्थिति की गंभीरता और आगामी रणनीतियों पर चर्चा के लिहाज से अहम मानी जा रही है। इसके बाद शाम को सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई नेता शामिल हुए। बैठक से बाहर निकलकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हर एक्शन पर सरकार को पूरा सपोर्ट है। बैठक में शामिल रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी दलों ने हमले की निंदा की है। कश्मीर में शांति के प्रयास पर चर्चा हुई। सरकार को किसी भी एक्शन के लिए समर्थन है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की मौत के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को रोकने और पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को घटाने समेत कई कड़े फैसले लिए हैं। इससे पाकिस्तान बिलबिला गया है। इसी क्रम में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने गुरूवार को एक अहम सुरक्षा बैठक बुलाई है। ये बैठक इस्लामाबाद में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस हाईलेवल मीटिंग में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए। पाकिस्तानी मीडिया ने शहबाज सरकार के हवाले से कहा कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। इसके साथ ही पाकिस्तान ने भारत की स्वामित्व और संचालन वाली सभी एयरलाइनों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया है।

पाकिस्तान की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी ने आरोप लगाया कि भारत में मुसलमानों सहित अल्पसंख्यकों का दमन बढ़ा है। साथ ही वक्फ कानून के जरिए मुस्लिम समुदाय को हाशिए पर धकेलने का आरोप भी लगाया। एनएससी ने आरोप लगाया कि भारत इस तरह की दुखद घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से कहा गया है कि एनएससी की मीटिंग में पहलगाम में पर्यटकों की जान जाने पर चिंता जताई गई। साथ ही भारत द्वारा 23 अप्रैल को उठाए गए कदमों को एकतरफा, अन्यायपूर्ण, राजनीतिक से प्रेरित, गैर-जिम्मेदाराना और कानूनी आधारहीन बताया गया। वहीं, पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा अब भी अनसुलझा है, एनएससी ने कहा कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच एक अनसुलझा विवाद है, जिसे संयुक्त राष्ट्र के कई प्रस्तावों में भी मान्यता दी गई है। पाकिस्तान कश्मीरियों के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन करता रहेगा।

शिमला समझौता रोका...

पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित कर दिए हैं। इसके अलावा, 1972 का शिमला समझौता रद्द कर दिया है। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने सार्क एसवीई के तहत सभी वीजा निलंबित कर दिए। सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर सभी भारतीय नागरिकों को 48 घंटे के भीतर वापस जाने का आदेश दिया है। नेशनल सिक्योरिटी कमेटी के फैसलों में भारत के साथ सभी व्यापार निलंबित करने, भारत के स्वामित्व वाली और भारत द्वारा संचालित सभी एयरलाइनों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने और वाघा बॉर्डर को बंद करने का फैसला भी शामिल है। शिमला समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच 2 जुलाई 1972 को हुआ था। इस द्विपक्षीय समझौते पर भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति (बाद में प्रधानमंत्री बने) जुल्फिकार अली भुट्टो ने साइन किए था।

वायुसेना ने किया युद्धाभ्यास

भारतीय वायुसेना ने एक्सरसाइज आक्रमण के तहत एक बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू किया, जिसमें पहाड़ी और जमीनी लक्ष्यों पर हवाई हमलों का अभ्यास किया गया। युद्धाभ्यास इस वक्त सेंट्रल सेक्टर में चल रहा है। इस अभ्यास में वायुसेना के पायलट पहाड़ी और जमीनी ठिकानों पर हमले का अभ्यास कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पूर्वी सेक्टर से वायुसेना के कई उपकरणों को सेंट्रल सेक्टर की ओर रवाना किया गया है। जहां इस ड्रिल के तहत लंबी दूरी तक जाकर दुश्मन के ठिकानों पर सटीक बमबारी की जा रही है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा...

एमएसएमई में हर घर से एक व्यक्ति को रोजगार

भोपाल, ईएमएस। भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में हर परिवार से कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।

इसके लिए प्रदेश के हर जिले की परिस्थिति और वहां की विशेष दक्षताओं के आधार पर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश समत्व भवन में हुई एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में विभागीय मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मंडियों में विकसित की जाएगी स्टोरेज सुविधा

बैठक में यह भी तय किया गया कि कृषि उपज मंडियों में दूध, फल-सब्जी जैसी वस्तुओं को सुरक्षित रखने के लिए स्टोरेज सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस योजना की शुरुआत रतलाम से होगी। इसका उद्देश्य छोटे उत्पादकों और उपभोक्त ाओं दोनों को फायदा पहुंचाना है।

हर दो महीने में लगेगा उद्योग-रोजगार दिवस

राज्य सरकार अब हर दो माह में प्रदेश के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन करेगी। इसका मकसद युवाओं को स्थानीय अवसरों से जोड़ना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तेल घानी, मसाला-आटा चक्की, कोदो-कुटकी व अन्य मोटे अनाजों की प्रोसेसिंग यूनिट्स को बढ़ावा दिया जाए। इन क्षेत्रों में युवाओं को जोड़ने से रोजगार के नए रास्ते खुल सकते हैं।

एमएसएमई में है 92 लाख लोगों का भविष्य

बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में मध्यप्रदेश में 17.55 लाख पंजीकृत एमएसएमई यूनिट्स संचालित हो रही हैं, जिनमें करीब 92 लाख लोग कार्यरत हैं। इनमें से 5300 स्टार्टअप्स भी शामिल हैं, जिनमें से 2500 से अधिक महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। अनुपूरक बजट के तहत मिले 1475 करोड़ रुपए की राशि से एमएसएमई सेक्टर की लंबित अनुदान राशि मार्च 2025 तक जारी की जा चुकी है।

जम्मू-कश्मीर में एनकांउटर जवान शहीद

सुरक्षाबलों ने उधमपुर में आतंकियों को घेरा, आतंकियों के 4 सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर, ईएमएस। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटे में लगातार तीसरा एनकाउंटर चल रहा है। सुरक्षाबलों ने उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में कुछ आतंकियों को घेर लिया है। आतंकवादियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मुठभेड़ में सेना का एक हवलदार झंटू अली शेख शहीद हो गए।

उधर, जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कुछ ओजीडब्ल्यू पुलिस और गैर स्थानीय लोगों पर हमला करने का मौका तलाश रहे थे। बांदीपोरा पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और जिले में विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी की थी। नाका चेकिंग के दौरान मोहम्मद रफीक खांडे और मुख्तार अहमद डार को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध हथियार गोला-बारूद बरामद किया गया जिसमें चीनी हैंड ग्रेनेड 02, 7.62 एमएम मैगजीन 01 और 7.62 एमएम के 30 राउंड शामिल हैं।

14 माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

नई दिल्ली, ईएमएस। तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में चौदह माओवादी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आईजीपी ने कहा कि इस साल अब तक करीब 250 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 से अब तक 12 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। एक प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस ने बताया कि माओवादियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम ऑपरेशन च्युता चलाया जा रहा था, जिसके तहत विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानने के बाद माओवादी हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले अधिकांश माओवादी पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के हैं।

5 हजार जवानों ने 300 नक्सलियों को पहाड़ पर घेरा

बड़े नक्सल लीडरों को घेरा, तीन को किया ढेर

जगदलपुर, ईएमएस। छत्तीसगढ़-तेलंगाना-महाराष्ट्र की सीमा पर करीब 5 हजार जवानों ने अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन शुरू किया है। यहां स्थित कर्रेगट्टा, नडपल्ली, पुजारी कांकेर की पहाड़ी पर हिड़मा, दामोदर, देवा समेत कई बड़े नक्सलियों और उनकी बटालियन को घेर लिया है। इसमें करीब 300 नक्सलियों के होने की सूचना है। ऑपरेशन 12 घंटे से अधिक समय से चल रहा है। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग भी हो रही है। सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं।

इंटेलिजेंस की माने तो नक्सलियों के पास पर्याप्त राशन पानी नहीं है। अगर है भी तो वो कुछ ही दिन चलेगा। तीनों राज्यों की फोर्स ने चारों तरफ से पहाड़ को घेर रखा है। अगर वे नीचे आए या फिर किसी भी राज्य की तरफ मूवमेंट किए तो उनका एनकाउंटर होना निश्चित है। इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1, 2, समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं।

लगातार 7 दिन की तेजी के बाद गिरा शेयर बाजार

मुंबई, ईएमएस। लगातार 7 दिन तेजी के बाद गुरवार को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 315 अंक गिरकर 79,801 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही, ये 24,247 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। इसके अलावा, जोमैटो, एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। वहीं, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा के शेयर में 3.3 प्रतिशत की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट रही।

सौरभ की जमानत याचिका खारिज

कोर्ट ने केस की गंभीरता का दिया हवाला

भोपाल, ईएमएस। ईडी की विशेष अदालत ने परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल ने ईडी के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार घोष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों को जमानत देने से इंकार कर दिया है।

ईडी द्वारा आठ अप्रैल को सौरभ शर्मा सहित 12 आरोपियों के खिलाफ प्रस्तुत किए गए चालान के बाद सौरभ की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, साले रोहित तिवारी और रिश्ते के जीजा विनय आसवानी को ईडी की विशेष अदालत से जमानत मिल चुकी है।

पूरक चालान की तैयारी

सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, जबलपुर निवासी साले रोहित तिवारी, भोपाल निवासी रिश्ते के जीजा विनय को 10-10 लाख रूपए के बांड पर ईडी की विशेष अदालत जमानत दे चुकी है। इन आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। अब इस मामले में पांच मई को नियमित सुनवाई होनी है, जिसमें सुरक्षा कारणों से सौरभ, चेतन और शरद जायसवाल की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

ब्लास्ट की साजिश के आरोपी को जयपुर ले गई एनआईए

बीस दिन से भोपाल की हाई सिक्योरिटी जेल में था बंद, रतलाम से किया था गिरफ्तार

भोपाल, ईएमएस। जयपुर बम ब्लास्ट साजिश मामले के आरोपी फिरोज को गुरुवार सुबह एनआईए की टीम जयपुर ले गई। फिरोज पिछले 20 दिनों से भोपाल सेंट्रल जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में बंद था।

जयपुर में 2022 में ब्लास्ट की साजिश में शामिल अलसुफा संगठन के खजांची फिरोज उर्फ सब्जी को रतलाम पुलिस ने 3 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। एनआईए मार्च 2022 से उसकी तलाश में थी। उस पर 5 लाख का इनाम रखा था। हालांकि आरोपियों के पकड़ में आने के चलते जयपुर दहलाने की कोशिश को नाकाम कर दिया गया था। फिरोज रतलाम में रहने वाली बहन रेहाना के घर ईद मनाने आया था। रेहाना भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसूर जमादार के भाई मसरूफ खान की पत्नी है। वह जिस मकान में रहती हैं, उसी मकान के आगे वाले हिस्से में भाजपा नेता मंसूर भी रहते हैं।

बिहार चुनाव से छह महीने पहले आए एक सर्वे ने बढ़ाई एनडीए की मुश्किलें

नीतीश की लोकप्रियता में गिरावट...तेजस्वी सीएम पद की पहली पसंद

पटना, ईएमएस

बिहार चुनाव में बमुश्किल छह महीने बचे हैं। बाकी तैयारियां अपनी जगह हैं, लेकिन मुख्यमंत्री पद के कई दावेदार भी मैदान में नजर आने लगे हैं - और हाल के एक सर्वे की मानें तो नीतीश कुमार के सामने नई चुनौतियां खड़ी होने लगी हैं। जहां उनकी लोकप्रियता में गिरावट आई है, वहीं तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री पद की पहली पसंद बनकर उभरे हैं।

पहले से मुख्यमंत्री पद के दावेदारों के बारे में तो लोगों को मालूम है ही, सर्वे में नये खिलाड़ी प्रशांत किशोर भी होड़ में शामिल बताये जा रहे हैं - और वो भी लोगों की पसंद के मामले में नीतीश कुमार से आगे ही चल रहे हैं। तेजस्वी यादव का तो 2020 के चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन देखा गया। पांच साल बात भी तेजस्वी यादव ने न सिर्फ वही तेवर बरकरार रखा है, बल्कि मुख्यमंत्री पद की पसंद के मामले में वो, सर्वे के मुताबिक, नीतीश कुमार पर भी भारी पड़ते नजर आ रहे हैं। सर्वे में नीतीश कुमार को लेकर जो बात सामने आई है, वो बहुत हैरान करने वाली भी नहीं है। नीतीश कुमार की लोकप्रियता में गिरावट तो 2020 में ही दर्ज की गई थी - और आखिरी चुनावी रैली में तो नीतीश कुमार ने खुद ही बोल दिया था, अंत भला तो सब भला। सुनकर बहुतों को लगा जैसे अलविदा कह रहे हों। पहले की चुनावी रैलियों में भी देखकर लगता था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हर जगह नीतीश कुमार को संभालने की कोशिश कर रहे हों। और, नीतीश कुमार पूरी तरह सरेंडर कर चुके हों।

तेजस्वी की लोकप्रियता बढ़ी

2020 के बिहार चुनाव में बहुमत के करीब पहुंच कर चूक गये तेजस्वी यादव को सर्वे में शामिल लोगों ने मुख्यमंत्री पद का सबसे पसंदीदा चेहरा बताया है। लोकप्रियता के पैमाने पर देखें तो तेजस्वी यादव फिलहाल 35.5 फीसदी लोगों की पसंद बने हुए हैं, जबकि पहले उनकी लोकप्रियता 40.6 फीसदी दर्ज की गई थी। चुनाव जीतकर बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए लालू यादव हर तरकीब आजमा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी अब तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री पद की राह में रोड़े अटका दे रहे हैं।

नीतीश लोगों की तीसरी पसंद

नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में लोगों की तीसरी पसंद बताये गये हैं। सर्वे के अनुसार, नीतीश की लोकप्रियता में 3 फीसदी की गिरावट दर्ज की जा रही है। क्योंकि, फरवरी, 2025 में नीतीश की लोकप्रियता 18 फीसदी पाई गई थी, और अब यानी अप्रैल में 15 फीसदी रह गई है। नीतीश का आकलन तो नहीं, लेकिन प्रशांत किशोर के बारे में लोगों की राय थोड़ा हैरान करती है। हैरानी इसलिए भी होती है क्योंकि बिहार में जैसा राजनीतिक समीकरण देखा जाता है, उसमें प्रशांत किशोर मिसफिट ही माने जाते रहे हैं।

प्रशांत किशोर दूसरे पायदान पर

मुख्यमंत्री पद के पसंदीदा चेहरों की रैंकिंग में प्रशांत दूसरे पायदान पर पाये गये हैं। मतलब, नीतीश से भी एक पायदान ऊपर। मतलब, नीतीश कुमार से ज्यादा पसंदीदा मुख्यमंत्री पद के दावेदार। सर्वे के मुताबिक, प्रशांत किशोर की लोकप्रियता में करीब दो फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया है। पहले उनकी लोकप्रियता 14.9 फीसदी पाई गई थी, जो अब बढ़कर 17.2 फीसदी हो गई है। प्रशांत किशोर के राजनीति प्रभाव की बात करें तो काफी दिनों से वो बिहार की राजनीति में सक्रिय हैं।

उपराष्ट्रपति वेंस ने जयपुर यात्रा खत्म कर भारत से विदाई ली

जयपुर, ईएमएस। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस ने गुरुवार सुबह अपनी जयपुर यात्रा खत्म कर भारत से विदाई ली। जयपुर एयरपोर्ट पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ तथा मुख्य सचिव सुधांश पंत ने उन्हें सांस्कृतिक गरिमा के साथ भावभीनी विदाई दी।

न्यू जर्सी के जंगल में फैल रही आग

वाशिंगटन, ईएमएस। न्यू जर्सी के पाइन बैरेंस में जंगल की आग तेजी से फैल गई है, अधिकारियों ने पहले दिए गए क्षेत्र खाली करने के आदेश को वापस ले लिया और आग के कारण बंद किए गए प्रमुख राजमार्ग के एक हिस्से को भी फिर से खोल दिया है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि 1,300 से ज्यादा इमारतों को ख़तरा है और करीब तीन हजार लोगों को दूसरी जगह भेजा गया है।

फटाफट खबरें

फिटजी कोचिंग के 10 ठिकानों पर छापा

नई दिल्ली, ईएमएस। दिल्ली-एनसीआर में एफआईआईटी जेईई (फिटजी) कोचिंग के खिलाफ एक्शन लिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम गुरुवार को फिटजी के दस ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की गई। ईडी की यह कार्रवाई फिटजी के दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में की गई है। फिटजी के सैकड़ों कोचिंग सेंटर बंद होने से हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और फिटजी के मालिकों को करीब 12 करोड़ का फायदा होने का आरोप लगा है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर ईडी की छापामारी जारी है।

खालिस्तानी आतंकी मंगा गिरफ्तार

गाजियाबाद, ईएमएस। करीब ढाई दशक यानी तीस साल से फरार आतंकी मंगत सिंह उर्फ मंगा को नोएडा की एटीएस टीम और गाजियाबाद की पुलिस ने दबोच लिया है। खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) से जुड़े मंगा पर 25 हजार रुपये इनाम था और वह 30 साल से फरार चल रहा था। वह इससे पहले 11 मार्च, 1993 को गिरफ्तार हुआ था। दो साल बाद जमानत पर छूटने के बाद वह फिर फरार हो गया था। मंगा सिंह के सगे भाई संगत सिंह को पंजाब पुलिस ने व्यास जिले में वर्ष 1990 में मुठभेड़ में मार गिराया था। संगत सिंह खालिस्तान कमाण्डो फोर्स का चीफ था। फरार होने के बाद से मंगत सिंह पेशी पर भी नहीं जा रहा था।

पहलगाम हमले के बाद 70 % टूर कैंसिल

जम्मू, ईएमएस। पहलगाम में हुए आंतकी हमले ने पलक झपकते ही कश्मीर के पर्यटन को तबाह कर दिया है। पूरे पर्यटन सीजन के लिए पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी है। इससे ट्रैवल ऑपरेटर्स को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बुकिंग कैंसल कराने से एक दिन में 70 फीसदी तक टूर रद्द हो गए हैं। राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि राज्य से पर्यटकों का पलायन देखकर दिल टूट गया। दूसरी तरफ अमरावती के एक टूर ऑपरेटर को 38 लाख रुपए का नुकसान हुआ है, क्योंकि पहलगाम हमले की वजह से लोगों ने अपनी बुकिंग कैंसिल कर दी है।

ट्रंप नीति के खिलाफ चलेगा मुकदमा

वाशिंगटन, ईएमएस। अमेरिका के 12 राज्यों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की शुल्क नीति को अवैध बताते हुए इसके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की इस नीति ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अराजकता पैदा कर दी है। मुकदमे में ट्रंप की इस दलील को चुनौती दी गई है कि वह अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत मनमाने ढंग से शुल्क लगा सकते हैं। राज्यों ने कोर्ट से इस नीति को अवैध घोषित करने और इसे लागू करने से सरकारी एजेंसियों एवं उनके अधिकारियों को रोकने का अनुरोध किया है।

मधुबनी की रैली में पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे, पीएम मोदी ने कहा...

भारत की आत्मा पर हमला, सोचा नहीं होगा ऐसी सजा मिलेगी...

मधुबनी, ईमएस

पहलगाम आतंकी हमले के बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी जिले के झंझारपुर में अपनी पहली सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी के मंच पर आते ही रैली स्थल पर मौजूद लोगों ने जोरदार नारों से आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर कर 'पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। पीएम मोदी ने रैली की शुरुआत से पहले पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी लोगों से दो मिनट का मौन रखने की अपील की। उन्होंने कहा, ÷यह हमला केवल हमारे निहत्थे पर्यटकों पर नहीं था, बल्कि यह भारत की आत्मा पर हुआ दुस्साहसी वार था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिन्होंने यह हमला किया है, उन्हें उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी आतंकी घटना की तीखी आलोचना की और मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा, हम पहलगाम हमले की निंदा करते हैं, पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है।

प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मधुबनी में विकास कार्यों का शुभारंभ किया। सीएम नीतीश कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पहलगाम आतंकी हमले के कारण कार्यक्रम को सदागी से मनाया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री सहित किसी भी गेस्ट का स्वागत और सम्मान नहीं किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने मधुबनी में करीब 13,500 करोड़ की लागत वाली कई बुनियादी और कल्याणकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इतना ही नहीं रैली में आए हजारों लोगों से कुछ पल का मौन रखने कहा। पीएम मोदी ने कहा, मैं अपनी बात प्रारंभ करने से पहले आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि आप जहां हैं, वहीं पर बैठकर 22 तारीख को जिन परिवार जनों को हमने खोया है, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ पल मौन रखें।

भारत ने सिंधु समझौता तोड़ा, अब राजनयिक बुलाया

जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी बढ़ गई है। हमले के दूसरे दिन ही भारत ने सिंधु जल समझौता तोड़ने का भी ऐलान किया और इसके बाद नई दिल्ली ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक को तलब किया है। हालांकि इस आशय की अभी कोई अधिकृत ऐलान नहीं हुआ है लेकिन खबरें इस तरह की आ रहीं हैं।

सीसीएस की बैठक के बाद देर शाम विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि एक मई तक राजनयिक संबंधों में और कटौती के माध्यम से पाकिस्तानी और भारतीय उच्चायोगों में तैनात लोगों की कुल संख्या घटाकर 55 से 30 कर दी जाएगी। मिस्त्री ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों को दक्षेस वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और एसवीईएस वीजा के तहत भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय है। उन्होंने कहा कि भारत भी इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा, नौसेना, वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा। मिस्त्री ने कहा, संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जाएंगे। दोनों उच्चायोगों से सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी वापस बुलाया जाएगा। मिस्त्री ने कहा कि 1960 की सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेगी, जब तक कि पाकिस्तान सीमापार आतंकवाद को अपना समर्थन विश्वसनीय रूप से बंद नहीं कर देता। अटारी में एकीकृत सीमा चौकी को बंद करने के बारे में मिस्त्री ने कहा कि जो लोग वैध प्रमाण-पत्र के साथ सीमा पार गए हैं, वे एक मई से पहले उस मार्ग से लौट सकते हैं। खबरों के मुताबिक भारत ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को तलब किया है। साथ ही सैन्य राजनयिकों के लिए औपचारिक पर्सोना नॉन ग्रेटा नोट सौंपा है। इसका मतलब ऐसे व्यक्ति से होता है, जो स्वीकार्य नहीं है या अवांछित है। खास बात है कि भारत सरकार का यह कदम ऐसे समय पर आया है, जब दो दिन पहले पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हुई और बुधवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा समिति की बैठक हुई है।

पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करे अमेरिका: पूर्व यूएस अधिकारी

पहलगाम आतंकी हमले पर अमेरिका के पूर्व अधिकारी ने कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान को प्रायोजित आतंकी देश घोषित करे और वहां के सेना प्रमुख को आतंकी घोषित करने में विलंब न करें। सेना प्रमुख के बारे में उन्होंने यहां तक कह दिया कि असीम मुनीर और ओसामा बिन लादेन के बीच अंतर सिर्फ इतना है कि मुनीर महल में रहता है और लादेन गुफा में रहता था। अमेरिका के एक प्रमुख थिंक टैंक अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व पेंटागन अधिकारी माइकल रुबिन ने इस हमले को लेकर पाकिस्तान और वहां की सेना पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

राहुल गांधी ने भी अमेरिकी यात्रा बीच में ही छोड़ी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद अपनी अमेरिका यात्रा बीच में ही छोड़कर नई दिल्ली आ गए। उन्होंने गुरुवार सुबह कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में भी हिस्सा लिया। इससे पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा बीच में ही छोड़ दी है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी सऊदी अरब और अमेरिका की अपनी यात्राएं बीच में ही रद्द कर दी थीं।

संस्कृत से संस्कृति का ज्ञान: प्रोफेसर हरप्रीत कौर

नई दिल्ली, ईएमएस। माता सुंदरी महाविद्यालय का संस्कृत विभाग, संस्कृत भारती दिल्ली प्रांत के संयुक्त तत्त्वावधान में 23 अप्रैल 2025 से 3 मई 2025 तक 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर हरप्रीत कौर ने संस्कृत के प्रचार के लिए संस्कृत भारती के कार्यों की सराहना की तथा 1008 स्थलों पर संस्कृत संभाषण शिविर आयोजित करने के कदम को ऐतिहासिक बताया।उन्होंने संस्कृत बोलने के लिए बच्चों को उत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जाकिर हुसैन महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सचिन जी तथा संस्कृत भारती के प्राध्यापक रजनीश जी थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका मिश्रा ने किया। इस अवसर पर संभाषण शिविर की नोडल अधिकारी डॉ. हर्षा कुमारी तथा संस्कृत विभाग के अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित थे।

आतंकी हमले के मद्देनजर क्या अटारी बॉर्डर पर बंद होगी बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी?

बीएसएफ अधिकारियों ने कहा- अभी तक हेडक्वार्टर से कोई आदेश नहीं आया

नई दिल्ली, ईएमएस। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पहले से ही बिगड़े संबंध अब और ज्यादा खराब हो गए हैं। भारत की तरफ से पाकिस्तान पर डिप्लोमैटिक स्ट्राइक करके सिंधु जल संधि समझौते को रद्द करने के अलावा 4 और बड़े फैसले लिए गए हैं। अब सबसे बड़ा सवाल भारत-पाकिस्तान के बीच अटारी बॉर्डर पर होने वाली बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी को लेकर है कि क्या इस तनाव भरे माहौल के बीच यह सेरेमनी होगी या नहीं?

मीडिया रिपोर्ट में बीएसएफ के अधिकारियों के मुताबिक अभी तक दिल्ली हेडक्वार्टर से कोई आदेश नहीं आया है लेकिन उन्हें लगता है कि अटारी-वाघा बॉर्डर पर हर दिन होने वाली बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी रद्द कर दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि हम भी आदेश का इंतजार कर रहे हैं। यह फैसला सरकार के स्तर पर लिया जाएगा। हमें बताया गया है कि जल्दी ही एक आदेश जारी किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ अमृतसर जिले के प्रशासन ने भी इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार करते हुए कहा कि हमारे पास अभी तक अटारी बॉर्डर पर जाने वाले पर्यटकों को लेकर कोई भी आदेश नहीं आया है। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी भारत-पाकिस्तान के बीच अटॉरी बॉर्डर पर आयोजित होने वाला विशेष कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में दोनों देशों के सैनिकों के बीच में अनुशासन, जोश और देशभक्ति का अलग ही जोश दिखाई देता है। यह कार्यक्रम सर्दियों के दिनों में शाम 4 बजे से जबकि गर्मियों में करीब 5=30 से शुरू होता है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर दिन हजारों लोग आते हैं।

कश्मीर घाटी छोड़ रहे सैलानी रेलवे ने विशेष ट्रेन चलाई

नई दिल्ली, ईएमएस। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सैलानी तेजी से कश्मीर घाटी छोड़ लौट रहे हैं। पर्यटकों की सुरक्षा को देखकर भारतीय रेलवे ने गुरुवार को एक और विशेष ट्रेन कटरा से नई दिल्ली के लिए रवाना की। यह ट्रेन दोपहर 1: 30 बजे कटरा रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुई। यह ट्रेन रास्ते में उधमपुर व जम्मू स्टेशनों पर रुकेगी। नॉर्दर्न रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि 04614 विशेष ट्रेन में अब भी करीब 1150 बर्थ खाली हैं। ट्रेन कटरा स्टेशन से चलकर नई दिल्ली के लिए रवाना हुई है और यह उधमपुर तथा जम्मू स्टेशनों पर रुकेगी। बुधवार को भी रेलवे ने पर्यटकों की भीड़ को देखकर दो विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाई थीं। रेलवे के मुताबिक विशेष ट्रेन में सात सामान्य डिब्बे, आठ स्लीपर कोच, दो तृतीय एसी कोच, एक थर्ड एसी इकोनॉमी कोच और दो लगेज-वैन कोच शामिल हैं। इधर, भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। एनएचएआई प्रोजेक्ट मैनेजर परशोत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि ÷रम्बन जिले में करीब 4 किलोमीटर लंबे क्षतिग्रस्त हिस्से पर एक लेन में ट्रैफिक चलाया जा रहा है। अब तक 4000 से ज्यादा हल्के व भारी वाहन गुजर चुके हैं।

सीडब्ल्यूसी बैठक में पहलगाम हमले की निंदा, सुरक्षा चूक की हो जांच

आतंकियों ने भावनाएं भड़काने जान-बूझकर हिंदुओं को निशाना बनाया

नई दिल्ली, ईएमएस। दिल्ली में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में पहले सीडब्ल्यूसी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई, जिसमें 28 पर्यटकों की मौत हो गई थी। बैठक में इस कायरतापूर्ण हमले के खिलाफ शांति और एकजुटता की अपील की गई। सुरक्षा चूकों की जांच और अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तय करने की मांग उठाई गई। बैठक में पारित प्रस्ताव के बारे में कांग्रेस ने बताया। कांग्रेस कार्य समिति 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले पर गहरा शोक और कड़ी निंदा व्यक्त करती है। इस आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई और 20 से ज्यादा गंभीर रूप से घायल हैं। बैठक में शोक संतृप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की गई। यह कायराना और सुनियोजित आतंकी हमला, जिसकी साजिश पाकिस्तान में रची गई।

चीन में इस्लाम को खत्म ही किया जा रहा, आप चुप हैं

इस्लामाबाद, ईएमएस। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से देश में हलचल तेज है। भारत ने सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। पाकिस्तान के लोगों के लिए वीजा पर पाबंदी है। वहीं दूतावास का स्टाफ भी कम किया गया है। अटारी सीमा से आवाजाही पूरी तरह बंद है। चर्चा हैं कि भारत कोई सैन्य एक्शन भी ले सकता है। इस बीच पाकिस्तान का कहना है कि उसका आंतकी घटना से लेना-देना नहीं है। लेकिन पाकिस्तान के ही प्रोफेसर इश्तियाक अहमद ने शाहबाज सरकार की पोल खोलकर खूब लताड़ा लगा दी है। उन्होंने कहा कि आखिर यह कैसा संयोग है कि कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ नफरत का इजहार किया और फिर इस तरह का हमला हो गया।

जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा

नई दिल्ली,ईएमएस। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल की हवा खा चुके तमिलनाडु के मंत्री सेंथल बालाजी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग केस में सेंथिल बालाजी को दी गई जमानत को वापस लेने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन पर जमानत की शर्तों को तोड़ने का आरोप है। इस पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा।

न्यायमूर्ति अभय ओका की बेंच ने साफ कह दिया कि अगर जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी से कहा, हम इस आचरण को बर्दाश्त नहीं करेंगे! हम आपको एक विकल्प दे रहे हैं-आजादी या मंत्रिमंडल का पद सेंथिल बालाजी ने सुप्रीम कोर्ट के टफ स्टैंड को देखते हुए कहा कि वह सोमवार तक अपना निर्णय लेंगे और सुप्रीम कोर्ट को सूचित करेंगे कि क्या वह मंत्री पद पर बने रहेंगे या नही यह मामला तमिलनाडु में कथित नौकरी के बदले नकद घोटाले से जुड़ा है।

न्यायमूर्ति अभय ओका ने सेंथिल बालाजी को फटकार लगाते हुए कहा कि जमानत देने का मतलब यह नहीं कि आपको पद पर बने रहने की शक्ति भी दी गई है, जिससे आप पीड़ितों को प्रभावित करें! न्यायमूर्ति ओका ने सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी से कहा, जब वह मंत्री थे तब उनके द्वारा समझौता कराने के तरीके पर स्पष्ट टिप्पणियां दर्ज की गई थीं। हमने उन्हें वह अधिकार नहीं दिया कि वह सत्ता में लौटकर गवाहों को प्रभावित करें। सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी से कहा, आपका पिछला आचरण दर्शाता है कि आपने गवाहों को प्रभावित किया है और अब आप फिर से मंत्री बन गए हैं! सेंथिल बालाजी साल 2011-2016 के दौरान परिवहन मंत्री थे।

मृतक के परिवार को ओडिशा सरकार देगी 20 लाख रुपए

बालासोर, ईएमएस। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए प्रशांत सतपथी के परिवार को 20 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया है। सीएम माझी ने यह घोषणा बालासोर जिले के रेमुना ब्लॉक स्थित इशानी गांव में सतपथी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार सतपथी की पत्नी प्रिया दर्शनी आचार्य को नौकरी देगी और उनके नौ बेटे तनुज की शिक्षा का खर्च भी उठाएगी। सीएम माझी ने कहा कि मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं।

पाक सरकार के आधिकारिक एक्स हैंडल ब्लॉक

नई दिल्ली, ईएमएस। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स हैंडल को ब्लॉक किया है। भारत ने हमले को लेकर कड़ा रुख दिखाकर पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले को निर्दोष नागरिकों पर कायराना कृत्य करार देकर सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। दो घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। भारत ने नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति (पर्सोना नॉन ग्राटा) घोषित कर दिया है। इन अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है। साथ ही, भारत ने इस्लामाबाद में अपने उच्चायोग से रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को वापस बुलाने का फैसला किया है। इतना ही नहीं भारत ने 1960 के सिंधु जल संधि को निलंबित करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाता, यह निलंबन जारी रहेगा। भारत ने दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण स्थलीय मार्ग अटारी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) को तत्काल प्रभाव से बंद करने की घोषणा की है। भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों, जिनके पास वैध यात्रा दस्तावेज हैं, को 1 मई 2025 तक आईसीपी के माध्यम से स्वदेश लौटने का निर्देश दिया गया है।

वेटिकल में पोप फ्रांसिस के कौफिन को सेंट पीटर्स बेसिलिका ले जाया जा रहा। (फोटो-ईएमएस)

पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए कूटनीतिक फैसलों का मौलाना महली ने किया समर्थन

कहा- सभी दल एक मंच पर आएं ताकि संदेश जाए आतंक के खिलाफ भारत एकजुट

लखनऊ, ईएमएस। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की हत्या के बाद पूरे देश में गुस्सा और शोक का माहौल है। ऐसे समय में केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए कूटनीतिक फैसलों का ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने समर्थन किया है। उन्होंने इसे वक्त की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक हो या पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना या दूतावास से संबंधित फैसला, ये सभी फैसले सरकार ने सही दिशा में उठाए हैं और इनकी देश को इस समय जरुरत थी।

मौलाना महली ने कहा कि पाकिस्तान को समझना चाहिए कि उसकी सेना और सरकार की इन आतंकवादी गतिविधियों को दुनिया के किसी भी मंच पर समर्थन नहीं मिलने वाला। उन्होंने पाकिस्तान की आवाम से भी अपील की कि वे अपने हुक्मरानों और सेना के खिलाफ आवाज उठाएं, जो बार-बार ऐसे कायराना और शर्मनाक कदम उठाकर अपने ही मुल्क को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहले ही वैश्विक मंचों पर अपनी छवि खराब कर चुका है और अब समय आ गया है कि वहां की जनता अपनी सरकार से जवाब मांगे। उन्होंने यह भी अपील की कि भारत की सभी राजनीतिक पार्टियां इस दुख की घड़ी में एक मंच पर आएं और एकजुट होकर सरकार का साथ दें। उन्होंने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय संकट के समय जब सरकार देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए फैसले ले रही है, तब सभी दलों को मिलकर उन निर्णयों का समर्थन करना चाहिए ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश जाए कि भारत एकजुट है और आतंकवाद के खिलाफ एक साथ खड़ा है।

21 साल की विवियन, मस्क की पहली पत्नी जस्टिन मस्क की संतान हैं

एलन मस्क की बेटी ही नहीं जानती उसके कितने बहन-भाई

वाशिंगटन, ईमएस

अमेरिका के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क के कारोबार के साथ ही साथ अब उनके निजी जीवन की बातें आम होने लगी हैं। सार्वजनिक रूप से मौजूद जानकारी के मुताबिक मस्क के 14 बच्चे हैं। उनमें से एक उनकी ट्रांसजेंडर बेटी विवियन जेना विल्सन हैं। उन्होंने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि उसे यह तक नहीं पता कि उसके कितने भाई-बहन हैं। 21 साल की विवियन, मस्क की पहली पत्नी जस्टिन मस्क की संतान हैं और बीते कुछ सालों से अपने पिता से अलग रह रही है।

विवियन ने कहा कि वह सच में नहीं जानतीं कि उसके कितने भाई-बहन हैं, उन्होंने यह भी बताया कि मस्क की शिवॉन ज़ीलिस के साथ बच्चे होने की जानकारी उन्हें भी आम लोगों के साथ ही मिली। मस्क और शिवॉन के अब चार बच्चे हैं, जिनमें से एक का जन्म इसी साल फरवरी में हुआ था। विवियन का अपने पिता से रिश्ता इतना तनावपूर्ण है कि उन्होंने 2022 में कानूनी रूप से अपना नाम बदल लिया था। पहले वह ज़ेवियर मस्क के नाम से जानी जाती थीं। उन्होंने अपनी मां का सरनेम अपनाया और कोर्ट में ये भी लिखा कि वह किसी भी रूप में अपने जैविक पिता से जुड़ी नहीं रहना चाहती है।

मार्च में विवियन ने इंस्टाग्राम थ्रेड्स पर आरोप लगाया था कि एलन मस्क ने बेटे पाने के लिए सेक्स-सेलेक्टिव आईवीएफ का इस्तेमाल किया। उन्होंने लिखा कि जब मैं छोटी थी और फेमिनिन बिहेव करती थी, तो मुझे लड़कों के रोल में ढाला गया। अब समझ आया कि यह सब एक खरीदी-बेची गई चीज़ थी। मेरे जन्म पर मुझे जिस जेंडर के साथ असाइन किया गया, वह एक कमोडिटी थी। मस्क ने खुद कहा था कि उन्होंने अपने बेटे को खो दियाज्ज़ेवियर अब नहीं है, उसे 'वोक माइंड वायरस' ने निगल लिया है। उन्होंने वादा किया था कि वह इस 'वोक माइंड वायरस' को खत्म करेंगे।

मस्क कई बार सार्वजनिक रूप से ज़्यादा बच्चे पैदा करने की वकालत कर चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कई महिलाओं को सरोगेसी के जरिए बच्चे पैदा करने के प्रस्ताव भी दिए हैं। हाल ही में 26 साल की कंजर्वेटिव इंफ्लुएंसर एश्ले सेंट क्लेयर ने मस्क के 13वें बच्चे को जन्म दिया था। उनका दावा है कि मस्क अपनी पावर, पैसा और सोशल मीडिया एक्स के जरिए महिलाओं को सरोगेसी के लिए राजी करते हैं।

कार की टक्कर से घायल ठेले वाले युवक की मौत

भोपाल (ईएमएस)। 1250 अस्पताल के बाहर मेन रोड पर सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक भीमनगर झुग्गीबस्ती अरेरा हिल्स में रहने वाला कमल कुशवाह (45) जयप्रकाश अस्पताल के पास नींबूपानी का ठेला लगाता था। 19 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह ठेला बंद कर घर जा रहा था। हॉस्पिटल के सामने सड़क पार करते समय न्यू मार्केट की और तेज स्पीड से जा रही अज्ञात कार ने उसे टक्क र मार दी।

सीढ़ियों से गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत

भोपाल(ईएमएस)। छोला मंदिर थाना इलाके में बीते दिनों घर की सीढ़ियों से गिरे युवक की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार भंवर नगर छोला में रहने वाले सुभाष पंडोले पिता शंकर पंडोले (37) निजी काम करते थे। वह अपने मकान में अकेले रहते थे। बीती 4 अप्रैल की शाम वह घर की छत पर सीढ़ियों चढ़कर जा रहे थे, इसी दौरान अचानक उनका बैलैसं बिगड़ गया और वह सीढ़ियों से नीचे गिर गए।

फटाफट खबरें

फ्रेंड ने शादी का झांसा देकर किया रेप

भोपाल(ईएमएस)। पिपलानी पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके इंस्टाग्राम फ्रेंड के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया की साल 2022 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिये उसकी पहचान रजक पैठारी नाम के युवक से हुई थी। जल्द ही उनकी पहचान दोस्ती में बदल गई और मोबाइल पर बातचीत होने लगी। इस बीच आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा दिया। और जनवरी 2023 में उसने महिला को मिलने के बहाने बुलाकर पहली बार जर्बदस्ती उसके साथ शारीरिक संबध बना डाले। बाद में आरोपी ने उसे अलग-अलग जगहों पर ले जाकर कई बार उसका दैहिक शोषण किया। पीड़िता ने जब उससे शादी करने की बात कही तब वह नजर अदांज करने लगा।

विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल(ईएमएस)। शहर के हबीबगंज थाना इलाके में स्थित श्याम नगर में रहने वाली विवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय अंजू यादव पत्नी आनंद यादव अपने पति के साथ रहती थीं और गृहिणी थीं। उसके पति कपड़ों की दुकान पर सेल्समैन की नौकरी करता हैं। उसके एक बेटा और एक बेटी सहित दो बच्चे हैं, दोनो बच्चे इन दिनो छुट्टियां होने के कारण नाना-नानी के घर ललितपुर गए हुए हैं। बुधवार अंजू घर में अकेली थीं, देर रात जब पति दुकान से वापस घर आया तो उसे दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाजें देने पर भी न तो पत्नि ने कोई जवाब दिया और न ही दरवाजा खोला। बाद में आनंद ने पड़ोसियों की मदद से जैसै-तैसै दरवाजा तोड़ा। अदंर जाकर देखने पर उसे पत्नि का शव पंखे पर बने फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

निगमकर्मी से बाइक सवारों ने झपटा मोबाइल

भोपाल(ईएमएस)। बागसेवनिया थाना इलाके में पैदल जा रहे निगमकर्मी को अपना निशाना बनाकर तीन बाइक सवार बदमाश उनका मोबाइल झपटकर चंपत हो गये। थाना पुलिस के अनुसार कोटरा स्थित नया बसेरा में रहने वाले सुनील यादव (29) पिता तेज बहादुर ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह नगर निगम में आउटसोर्स कर्मचारी है। 19 अप्रैल की शाम करीब छह बजे वह साकेत नगर के पास से पैदल जा रहा था। उसी समय एक बाइक पर सवार तीन बदमाश उनके पास आये इससे पहले वह कुछ समझ पाते एक बदमाश ने उनके हाथ पर झपट्टा मारकर हाथ में पकड़ा मोबाइल छीना और तेज स्पीड से भाग गये। बाद में उन्होनें थाने में शिकायत की थी, जिसकी जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सौलर पैनल लगाते समय चौथी मजिंल से गिरे युवक की मौत

भोपाल(ईएमएस)। शहर के बागसेवनिया थाना इलाके में सोलर पैनल लगाते समय चौथी मजिंल से गिरकर युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मूल रुप से सीहोर जिले का रहने वाला रघुवीर चौहान पिता रामगोपाल चौहान फिलहाल कोलार रोड स्थित गेहुंखेड़ा में रहते हुए एक सोलर पैनल लगाने वाली कंपनी में काम करता था। बुधवार को 11 बजे एक चार मजिंला मकान की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिये वह सामान छत पर चढ़ा रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। हादसे में उन्हें सिर में घातक चोट आई थी। अन्य लोगो की मदद से उन्हें इलाज के लिये एम्स अस्पताल पहुंचाया गया।

5 लाख की और डिमांड के बाद थाने पहुंचा मामला

रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपए वसूले

पैसों की डील भोपाल पुलिस कमिश्नर कार्यालय परिसर में हुई थी

भोपाल(ईएमएस)।

राजधानी में रेप के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लेकमेल करते हुए 10 लाख रुपए लेने के मामले में टीटी नगर पुलिस ने बीती रात को मामला कायम कर लिया है। पूरे मामले में सबसे हैरानी वाली बात यह है की बैखौफ आरोपियो ने रकम की डील कहीं और नहीं भोपाल पुलिस कमिश्नर कार्यालय परिसर (कंट्रोल रूम) में की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायसेन निवासी फरियादी कपिल राजपूत ने अपनी शिकायत में बताया की उसकी भोपाल की रहने वाली युवती से दोस्ती थी।

जनवरी माह में कपिल की शादी कहीं और तय हो गई। इसके बाद युवती जनवरी में कपिल राजपूत के खिलाफ शिकायत लेकर टीटी नगर थाने पहुंची थी। उस समय पीड़िता और कपिल के बीच राजीनामा हो गया था, लेकिन युवती के साथ जितेंद्र धाकड़ और विमलेश पटेल भी थे। बाद में जितेंद्र राजपूत



ने कपिल को ब्लेकमेल करते हुए डरा धमका कर उससे 10 लाख रुपए वसूल कर लिए। जितेंद्र ने कपिल को धमकाते हुए कहा की अगर उसने रकम नहीं दी तो वो युवती से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा देगा। इसके बाद जितेंद्र ने अपने एक साथी के जरिये कपिल को कंट्रोल रूम की पार्किंग में बुलवाया और 10 लाख रुपए ले लिए। जनवरी माह में 10 लाख लेने के बाद फरवरी माह के आखिर में जितेंद्र ने कपिल राजपूत को एक बार फिर ब्लेकमेल करते हुए 5 लाख रुपए देने का कहने लगा। इससे परेशान होकर कपिल ने टीटी नगर पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने कपिल की शिकायत पर बिचोलिये का काम करने वाले सचिन पटेल और बजरंगी को आरोपी बनाया गया है। सचिन पटेल पर भोपाल में कई मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस का कहना है, कि शुरुआती जॉच में सामने आया की ब्लेकमेलिंग की युवती को जानकारी नहीं थी।

डिलेवरी ब्वॉय से तीन बदमाश ने मोबाइल छीनकर भागे

भोपाल (ईएमएस)। हबीबगंज थाना इलाके में बाइक पर बैठकर दोस्त का इंतेजाकर कर रहे युवक से तीन बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीनकर भाग गये। थाना पुलिस के अनुसार 29 साल के फारुख पिता नसीम ने बताया की वह शॉहजहॉनाबाद थाना इलाके में कच्ची मस्जिद के पास रहता है, और फूड डिलेवरी ब्वॉय का काम करता है। बीती 18 अप्रेल को वह ओल्ड कैपिंयन स्कूल के पास बाइक पर बैठकर अपने दोस्त का इंतेजार करते हुए मोबाइल चला रहा था।

बदमाशों ने किया बाइक चोरी का प्रयास ललकारने पर भागे

भोपाल(ईएमएस)। बैरसिया तहसील में रहने वाले निर्वाचन शाखा के प्रभारी मनोज शर्मा के घर बीती रात अज्ञात चार बदमाशों ने घर के आगंन में खड़ी बाइक चोरी की कोशिश की। आहट होने उन्होनें बदमाशो का ललकारा जिससे घबराकर आरोपी वहॉ से भाग गये। बदमाशो की करतूत सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब साढ़े नौ और साढ़े 10 बजे बदमाशो ने उनके मनोज शर्मा के घर के बाहर खड़ी दो बाइक चुराने की कोशिश की। आहट होने पर सतर्क हुए मनोज शर्मा ने फौरन ही बाहर निकलकर बदमाशो को ललकारा जिससे डरकर आरोपी वह बाइक भी छोड़कर भाग गये जिससे वह बाइक चोरी करने आये थे। आरोपियों की बाइक को उन्होनें पुलिस के हवाले कर दिया है। इसके रजिस्ट्रेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान जुटाने के प्रयास कर रही है। वहीं सीसीटीव फुटेज में भी बदमाशो के फुटेज कैद हुए हैं।

परिवार के सोते समय अज्ञात ने 6 साल की बच्ची को किया अगवा

परिजनों ने दूर के रिश्तेदार पर जताया संदेह

भोपाल(ईएमएस)। कोहेफिजा थाना इलाके में बंजारा समाज की 6 साल की मासूम बच्ची को अज्ञात आरोपी ने रात के समय उस समय किडनेप कर लिया जब वह रात में परिवार के साथ सो रही थी। अगली सुबह नींद खुलने पर जब मासूम बेटी नजर नहीं आई तब परिजनो ने उसकी काफी तलाश के बाद पुलिस में शिकायत की। परिजनो ने दूर के एक रिश्तेदार पर अपहरण का संदेह जताया है। दूर के रिश्ते में लगने वाला संदेही देवर घटना की रात उनके घर मेहमानी करने आया था। रात में वह उनके साथ ही था, और सुबह वह बिना बताए चला गया। पुलिस के अनुसार कोहेफिजा थाना इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल के पास आकर रुके बंजारा समाज के एक परिवार की छह साल की बच्ची बीती 4 अप्रैल को सदिंग्ध हालत में लापता हो गई। परिजनो ने पुलिस को बताया कि 3 अप्रैल की रात में उनकी मासूम बेटी परिवार के साथ थी। उनका दूर के रिश्तेदार संतोष बंजारा उनके घर आया था। रात में सभी ने खाना खाया

और सो गए। 4 अप्रैल की सुबह नींद खुली तो उन्हें बच्ची नजर नहीं आई। आसपास तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला। वहीं दौरान संतोष बंजारा भी बिना बताए जा चुका था। अपने स्तर पर बच्ची की तलाश करने पर जब कोई सफलता नहीं मिली तब परिजन पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बच्ची की तलाश की, लेकिन काफी प्रयासो के बाद भी बच्ची की जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस संदेही संतोष की भी तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रो के मुताबिक संदेही संतोष बंजारा पूर्व में इटारसी, राजगढ़ और नागपुर में रह चुका है, जिसके चलते पुलिस ने इन सभी शहरो ने टीमें भेजी थी, लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका है।

अवधेश प्रताप को मानद उपाधि मिलने पर पूर्व विधायक मंडल ने दी बधाई

भोपाल,(ईएमएस)।

मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह को कैम्ब्रिज डिजिटल यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान किए जाने पर पूर्व विधायक मण्डल मध्यप्रदेश ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी है।

गौरतलब है कि प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप को यह मानद उपाधि नई दिल्ली में 12 अप्रैल को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समारोह में प्रदान की गई थी।

इस सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक मण्डल मध्यप्रदेश ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मंण्डल की ओर से बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया, मण्डल उपाध्यक्ष अजय सिंह और प्रेमनारायण मिश्रा महामंत्री शामिल हैं।

शादी में जा रहे परिवार को मिनी ट्रक ने टक्कर मारी, महिला की मौत

कार की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ा

भोपाल (ईएमएस)। छोला मंदिर इलाके में मिनी ट्रक की टक्कर से ऑटो में सवार एक महिला की मौत हो गई। इसी थाना इलाके में कार की टक्कर से घायल युवक ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार इलाके मे रहने वाली रजिया खान (25) मंगलवार रात परिवार के साथ ईंटखेड़ी स्थित एक शादी में जाने के लिए निकली थी। पूरा परिवार ऑटो में सवार था। सीमेंट गोदाम के पास ऑटो को मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो पलट गया जिसके कारण सभी लोगो को चोटें आई थी। उन्हें इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। घटना में रजिया गंभीर रुप से घायल हुई थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसी थाना इलाके में बाइक से बाजार की ओर जा रहे रोहित नारायण (25) को रास्ते में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहॉ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

परिवार को धमकाते हुए बैंककर्मी का मोबाइल किया पार

भोपाल(ईएमएस)।

रानी कमलापति स्टेशन के बाहर दिनदहाड़े परिवार को धमकाते हुए बैंककर्मी का मोबाइल पार करने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है की वारदात को युवक व युवती ने ऑटो चालक के साथ मिलकर अंजाम दिया है। शुरुआती जॉच में आरोपियो के गिरोह बनाकर बाहर से आए मुसाफिरो को निशाना बनाकर माल उड़ाने की घटनॉए अंजाम देने की बात सामने आई हैं। सूत्रो के मुताबिक पुलिस ने युवती को हिरासत में ले लिया है, वहीं अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। गोविंदपुरा थाना पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय सौरभ पटवा मूलतः बैतूल जिले के रहने वाले हैं।

वे बाड़ी-बरेली स्थित एक निजी बैंक में नौकरी करते हैं। बीते दिनों वह अपने परिवार के साथ वैष्णो देवी दर्शन करने गए थे। वहां से वापस आने पर बुधवार सुबह वह रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर उतरे। उनके साथ परविार के अन्य लोग भी शामिल थे।

आईएसबीटी से उन्हें बस पकड़नी थी। स्टेशन से बाहर आते ही सवारी बिठाने वाले आटो चालक उनके साथ बातचीत करने लगे। इसी दौरान उनका एक युवक के साथ विवाद हो गया। इस पर एक युवती आगे आई और उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी। आरोप है कि विवाद के दौरान युवक और युवती ने उन्हें आटो में जबरन बिठाने का प्रयास किया। इसी बीच उनका 18 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन गायब हो गया। बाद में तीनों उन्हें धमकी देते हुए वहॉ से चले गए। उसके बाद सौरभ ने गोविंदपुरा थाने पहुंचकर अज्ञात महिला और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत की। कुछ समय बाद जब वह काम से एमपी नगर पहुंचे तो उन्हें युवक और युवती दिखाई दिए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को हिरासत में ले लिया।

भाजपा नेत्री की दुकानों में आग

समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड,15 लाख का माल खाक

भोपाल,ईएमएस । भोपाल के बागसेवनिया नई बस्ती में किराना और मोबाइल शॉप में आग लग गई। हादसा बीती रात 1:30 बजे हुआ है। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। दोनों दुकानें भाजपा नेत्री शोभा पांडे की हैं। इन दुकानों का संचालन उनका बेटा करता है। शोभा का आरोप है कि रहवासी और पुलिस जवान काफी देर तक आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे। मोहल्ले के लोगों ने पाइप से पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। जब तक फायर ब्रिगेड आई, दुकानें जलकर खाक हो चुकी थीं। दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया था। पुलिस आग के कारणों की जांच कर रही है। शोभा पांडे के मुताबिक नई बस्ती में किराना दुकान और मोबाइल-फोटो कॉपी की दुकान का

संचालन करती हैं। रात को करीब 1:30 बजे मोहल्ले वालों ने आग लगने की सूचना दी। जब दुकान पर पहुंचे तो तेज लपटें उठ रही थीं। आस पास के लोग बाल्टी में पानी भरकर और नल से पानी डालकर आग को बुझाने के प्रयासों में जुट गए। लेकिन आग बढ़ चुकी थी, काबू में नहीं आई। इस बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई, जवानों ने रहवासियों के साथ मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन फायर ब्रिगेड करीब एक घंटे बाद मौके पर आई, तब तक दुकान का अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया था।

मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर की गई मांग

एप की निगरानी के लिए हो नियामक एजेंसी का गठन

भोपाल,ईएमएस।

कम्प्यूटर और मोबाइल एप की निगरानी के लिए नियामक एजेंसी का गठन किये जाने की मांग की गई है। इसके लिए एमपी हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी। याचिका में कहा गया है कि नियामक एजेंसी नहीं होने के कारण धोखाधडी करने वाले कम्प्यूटर व मोबाइल एप जनता तक सीधे पहुँच रहे हैं।

इसकी वजह से साइबर क्राइम लगातार बढ़ रहे हैं। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की तरफ से दायर याचिका में कहा गया है कि कम्प्यूटर व मोबाइल में मौजूद गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किये गये एप उपयोगकर्ता की सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहे हैं।

एप उपयोगकर्ता की जानकारियां कई कंपनियों को साझा करते हैं, जिससे साइबर ठगी की जाती है। कई एप ऐसे होते हैं जिनमें कान्टेक्ट या कैमरा का कोई उपयोग नहीं होता फिर भी इंस्टॉल करने के बाद ये सभी एप्लीकेशन की परमिशन मांगते हैं। इस तरह से मोबाइल ही डाटा चोरी करने का एक यंत्र चल रहा है। देश में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।

किराना, मोबाइल शॉप में शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का माल जला

भोपाल (ईएमएस)। देहात क्षेत्र के बागसेवनिया इलाके में स्थित नई बस्ती में एक किराना और मोबाइल शॉप में अचानक भड़की आग से लाखो का माल जलकर नष्ट ओ गया। जानकारी के अनुसार बीजेपी नेत्री शोभा पांडे नई बस्ती में किराना दुकान और मोबाइल-फोटो कॉपी की दुकान हैं।

दोनों दुकानो का संचालन उनका बेटा करता है। बीती आधी रात करीब डेढ़ बजे मोहल्ले वालों ने उनकी दुकानो में आग लगने की खबर दी थी। परिवार के अन्य लोगो के साथ वह दुकान पर पहुंची तो दुकानो में से आग की लपटें उठती नजर आई। परिवार वालो के साथ आस पास के लोगो ने मिलकर आग पर पानी डालकर उसे बुझाने के प्रयास शुरु करते हुए फायर बिग्रेड को सूचना दी। लेकिन देखते ही देखते आग काफी बढ़ गई। शोभा पांडे का कहना है की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, रहवासियो के साथ मिलकर पुलिस जवान काफी देर तक आग पर काबू

पाने का प्रयास करते रहे लेकिन आग नहीं बुझी। उनका आरोप है कि फायर ब्रिगेड देरी से पहुंची तब तक दुकानें जलकर खाक हो चुकी थीं। दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आकर किराना दुकान में रखे चार डी फ्रीजर सहित उनमें रखा सामान, किराना सामान जलकर खाक हो गया। और काफी माल आग बुझाने के लिए डाले गये पानी के कारण खराब हो गया। वहीं दूसरी दुकान में रखी एलईडी टीवी, मोबाइल, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, फोटो कॉपी मशीन जल गई। उनके मुताबिक आग की चपेट में आकर करीब 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

परीक्षा में गड़बड़ी...12 साल पहले चयनित उम्मीदवार अपात्र

एरिया एज्यूकेशन ऑफीसर की नए सिरे से होगी भर्ती

भोपाल,ईएमएस।

करीब 12 साल पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य शिक्षा सेवा का गठन कर व्यवस्थागत ढांचा बदलने की तैयारियां की थीं, लेकिन मामला अभी तक अधर में लटका हुआ था। अब घोषणा की गई है कि एरिया एज्यूकेशन ऑफीसर के लिए जो 3,500 उम्मीदवार चयनित किए गए थे, उन्हें नवीन नियुक्ति नहीं दी जाएगी। विभाग एरिया एज्यूकेशन ऑफीसर की नए सिरे से भर्ती करेगा। लोक शिक्षण संचालनालय के डायरेक्टर केके द्विवेदी का कहना है कि एज्युकेशन ऑफीसर के लिए परीक्षा नये सिरे से जाएगी। इसके लिए नियम संशोधित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इसके बाद परीक्षा होगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में एरिया एज्यूकेशन आफीसर पद के लिए वर्ष 2013 में एरिया एज्युकेशन ऑफीसर (एईओ) पोस्ट सृजित की गई थी। इसी वर्ष परीक्षा आयोजित की गई थी। पूरे राज्य में 6 हजार उम्मीदवार परीक्षा में बैठे थे। जिनमें से साढ़े तीन हजार का चयन हुआ था। इसी बीच परीक्षा में विसंगतियों का आरोप लगाते हुए यह मामला कोर्ट में चला

गया था। इसी साल विभाग ने नवीन शिक्षण सत्र से एईओ पद भरने की भूमिका तैयार की थी। वर्तमान में चल रही बीआरसीसी व्यवस्था को समाप्त कर एरिया एज्युकेशन नियुक्त किये जाने थे। इन्हीं के द्वारा स्कूलों की निगरानी कराई जानी थी। लेकिन 12 साल पहले कराई गई इस परीक्षा में जो अभ्यार्थी चयनित हुए। अब उन्हें इस पद पर काम करने की आशा छोडऩी होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि एईओ पोस्ट भरने के लिए नये सिरे से भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। वर्ष 2013 में परीक्षा के बाद नियुक्तियों की प्रतीक्षा करते हुए कई चयनित शिक्षक रिटायर्ड हो गये हैं। सिलेक्ट टीचर हर रोज मंत्रालय तो काट रहे है। इधर विभाग नियम में संशोधन करने बैठकें ले रहा है। इस संबंध में मंत्रालय में अधिकारियों ने बैठक ली। पूर्व की परीक्षा में उच्च माध्यमिक शिक्षक और हेड मास्टर बैठे थे। अब नये सिरे से योग्यता का निर्धारण किया जा रहा है।

पूर्व में चयनित उम्मीदवारों को नहीं मिलेगी नियुक्ति

प्रदेश में एरिया एज्यूकेशन आफीसर पद के लिए पूर्व में परीक्षा से चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति यां नहीं मिलेंगी। अब स्कूल शिक्षा विभाग नियम में संशोधन कर नये सिरे से भर्ती एग्जाम करवाएगा। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। मौजूदा माह में ही यह पोस्ट भरी जानी थी। प्रदेश में राज्य शिक्षा सेवा का गठन कर स्कूल शिक्षा विभाग ने व्यवस्थागत ढांचा बदलने की तैयारियां की थीं। मौजूदा सत्र में एईओ पोस्ट पर विभाग वैकल्पिक तौर पर व्यवस्था बनाएगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने एईओ कार्यालयों को निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू की है। वैकल्पिक तौर पर संकुल प्राचार्यों को बतौर प्रभारी यह काम सौंपा जाएगा। जब तक नवीन नियम तैयार होगे तो फिर परीक्षा आयोजित की जाएगी।

प्ररूप-दस (नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार, नजूल, तहसील टी.टी. नगर, जिला भोपाल म.प्र. (कुनाल राउत), तहसील - टी.टी. नगर जिला:- भोपाल

सार्वजनिक नोटिस

जावक क्रमांक. मामला क्रमांक. 0012/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 01/05/2025 को बजे स्थान टी.टी. नगर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अनुसूची।

आज दिनांक : को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :

स्थान : टी.टी. नगर मुद्रा

कुनाल राउत, तहसीलदार
राजधानी परियोजना, भोपाल

मण्डलेश्वर में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

खरगोन, ईएमएस। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन द्वारा 24 अप्रैल को उप जेल मण्डलेश्वर में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर आयोजन किया गया।

विचार मंथन

जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने चौपाल लगाकर दिलाई शपथ

खरगोन, ईएमएस। जन अभियान परिषद खरगोन जिला समन्वयक विजय शर्मा और ब्लॉक समन्वयक कालू सिंह मंडलोई के निर्देशन पर भीकनगाव सेक्टर 04 के ग्राम बोरुट में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान परामर्शदाता अर्पित जायसवाल ने बताया कि हैंडपंप से कम होते हुए जल को एकत्रित करने के लिया एक छोटा कुंड बनाना है। इस अवसर पर उन्होंने जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

संपादकीय

जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार के सारे दावे हवा हवाई

जम्मू कश्मीर को लेकर केंद्र सरकार द्वारा विगत वर्षों में बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। 370 की समाप्ति के बाद केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में सामान्य हालात बताए जाने के दावे बार-बार किए गए हैं लेकिन कड़वी सच्चाई यह है, कि केंद्र सरकार जब-जब जो-जो दावे करती है वह सब हवा-हवाई साबित होते हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने एक बार फिर केंद्र सरकार के दावों की पोल खोल दी है। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया गया था। केंद्र सरकार ने नए जम्मू कश्मीर का सपना दिखाया था। केंद्र सरकार ने वादा किया था, धारा 370 खत्म होने के बाद जम्मू कश्मीर में निवेश की बाढ़ आ जाएगी। बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचों का विकास होगा। हसीन वादियों में देश और दुनिया के पर्यटक बड़ी मात्रा में जम्मू-कश्मीर आएंगे। जम्मू-कश्मीर भारत की मुख्य धारा में शामिल हो जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है, कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में सड़क राजमार्ग सुरंग तथा रेल सुविधा से जोड़ने के लिए सरकार ने काम किया है। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर को तीन भागों में विभाजित कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। तीन पूर्व मुख्यमंत्री को लंबे समय तक जेल में बंद अथवा नजरबंद करके रखा गया। जम्मू कश्मीर में कई महीने तक स्कूल कॉलेज बंद रहे। बार-बार इंटरनेट बंद होता रहा। इसके बाद भी जम्मू कश्मीर के हालातो में कोई बहुत ज्यादा सुधार देखने को नहीं मिला। धारा 370 हटाने के बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हुए, अलगाववादी संगठनों ने भी चुनाव में भाग लिया। मतदाताओं ने भी चुनाव में खुलकर हिस्सा लिया। उमर अब्दुल्ला निर्वाचित जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन उनके पास कोई अधिकार नहीं हैं। जब राज्य सरकार के पास कोई अधिकार ही नहीं है, ऐसी स्थिति में उन्हें किसी भी काम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। जम्मू कश्मीर की कानून व्यवस्था और प्रशासन पूरी तरह से केंद्र सरकार के प्राधिकारी के रूप में उपराज्यपाल के पास है। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का वादा किया था जिसे केंद्र सरकार ने अभी तक पूरा नहीं किया है। पिछले कुछ समय से कश्मीर की घाटी में पर्यटन बड़ा है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। इसी बीच आतंकी हमले भी समय-समय पर होते रहे हैं। सेना के जवान भी लगातार मरते रहे हैं। पहलगाम की इस आतंकी घटना ने एक बार सभी को सोचने में मजबूर कर दिया है। केंद्र सरकार जो दावे करती है वह वास्तविकता से दूर क्यों हैं? जम्मू-कश्मीर के आंकड़ों को केंद्र सरकार हमेशा छुपाती रही है। सशस्त्र बलों और आतंकवादी संगठनों के बीच में लगातार मुठभेड़ की घटनाएं सामने आती रही हैं। अब तो आतंकवाद जम्मू तक बढ़ गया है।

अविभाजित जम्मू-कश्मीर राज्य से चीन पाकिस्तान बांग्लादेश की सीमाएं लगी हुई हैं। अभी तक कश्मीरी पंडित घाटी में वापस लौटकर नहीं आ पाए है। अमरनाथ यात्रा पर भी आतंकवादी हमले का खतरा हमेशा बना रहता है। सरकार को इसके लिए विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। बड़ी संख्या में सैन्यबल तैनात है। इसके बाद भी जम्मू कश्मीर मैं आतंकवादी हमले कम नहीं हो रहे है। केंद्र सरकार सीमा पार के आतंक को खत्म करने में विफल रही है। पठानकोट से लेकर पहलगाम तक पाकिस्तानी रास्ते से आतंकी आते है। घटना करके भाग जाते है। यह भी कहा जाता है कि पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। पिछले 11 वर्षों से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है। जम्मू-कश्मीर में भी लंबे समय से केंद्र सरकार काबिज है। केंद्र शासित प्रदेश के रूप में सभी जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्रालय और केंद्र सरकार के जुम्मे है। ऐसी स्थिति में अब नाराजगी केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय के खिलाफ देखने को मिल रही है। पहलगाम में जो घटना हुई है, वह हृदय विदारक है। भारत से लगी हुई अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर जिस तरह से चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान की ओर से चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं, यह भारत और भारत सरकार के लिए चिंता का विषय है। कुछ दिनों के बाद अमरनाथ यात्रा होनी है। निश्चित रूप से आतंकवादी जिस तरह से अभी तक अपनी उपस्थिति बनाए हुए है। उसको देखते हुए केंद्र सरकार को गंभीरता से विचार-विमर्श करना होगा। स्थाई समाधान के लिए भी नीतियां बनानी पड़ेंगी। पाकिस्तान के ऊपर दबाव बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय शक्तियों का दबाव पाकिस्तान में बढ़े इसके लिए भारत को कूटनीतिक प्रयास करने चाहिए।

- सनत जैन

राज काज

मुसलमान, ईसाइयों के बाद अब जैन

भारत में अल्पसंख्यकों को लेकर भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार, और कट्टरवादी हिंदू संगठनों के निशाने पर मुसलमान और ईसाई थे। अब निशाने पर जैन समुदाय भी आ गया है। मणिपुर में सैकड़ो चर्च जलाए गए। आज भी मणिपुर जल रहा है। पिछले 11 वर्षों से भारत में मुसलमानो को जिस तरह से दबाया जा रहा है। उसका मजा सब ले रहे थे। अब जैन और बौद्ध भी सरकार के निशाने पर आ गए हैं। केंद्र सरकार ने वक्फ बिल पास कर दिया है। संसद से बिल पास हो जाने के बाद अब अल्प संख्यकों के संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित नहीं रहे। जैनियों के तीर्थ क्षेत्र भी सुरक्षित नहीं हैं। गिरनार पर्वत गुजरात में है। उसमें सनातनियों का कब्जा हो गया है। झारखंड के शिखरजी से 20 तीर्थकंर मोक्ष गए थे। जेनियो के दोनों तीर्थ स्थल सुरक्षित नहीं रहे। वहां पर तरह-तरह के विवाद शुरू हो गए हैं। हाल ही में मुंबई में 90 साल पुराना मंदिर तोड़ दिया गया है। बोध गया में बौद्ध धर्म के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। बोध गया में हिंदुओं का कब्जा है। सिखों के लिए केंद्र सरकार और कट्टरवादी हिंदू संगठनों ने खालिस्तान और देशद्रोही बोलकर अपनी मंशा जाता दी है। भारत के अल्पसंख्यक अभी तक एक दूसरे का मजा ले रहे थे। एक-एक करके सभी निशाने पर आ गए हैं। यह बात अब अल्पसंख्यकों को अब समझ आने लगी है। आगे क्या होगा, भगवान ही जाने।

रेखा गुप्ता की सत्ता पर मजबूत पकड़

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बन गई है। जब आम आदमी पार्टी की सरकार थी। उस समय उपराज्यपाल मुख्यमंत्री के सुपर बॉस बन गए थे। उपराज्यपाल ने बता दिया था कि सत्ता के सारे अधिकार उनके पास हैं। रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने के बाद अब सुपर वास कहां है। किसी को पता नहीं है। मुख्यमंत्री के रूप में वह सारे कामकाज खुद निपटा रहीं हैं। अधिकारी भी अब उपराज्यपाल की धोंष मुख्यमंत्री पर नहीं जता पा रहे हैं। दिल्ली की नौकरशाही पूरी तरह से मुख्यमंत्री के निर्देश को मानने के लिए विवश है। उप राज्यपाल को लग रहा है। उन्होंने अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मार ली है। जब तक केजरीवाल की सरकार थी। तब उनकी तूती बोल रही थी। अब उनके पास कोई नहीं फटक रहा है। अब रेखा गुप्ता का समय आ गया है। अब ना प्रवेश वर्मा की चल रही है। ना किसी मंत्री की चल रही है। चल रही है, तो केवल रेखा गुप्ता की।

पिता और पुत्र में भी झगड़ा शनि के कारण

ब्रह्मांड के ग्रह नक्षत्र तेजी के साथ बदले हैं। 6 ग्रह एक साथ हैं। शनि, राहु, केतु वक्री अवस्था में है। जिसका प्रभाव राजनीति और मौसम में देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के ऊपर लगातार हमले हो रहे हैं। सरकार और न्यायपालिका के बीच आमने-सामने का टकराव देखने को मिल रहा है। तमिलनाडु में एस रामदास और उनके पुत्र के बीच विवाद शुरू हो गया है। शनि सूर्यपुत्र हैं। पिता पुत्र के रूप में उनमें संबध हमेशा तनाव पूर्ण रहे हैं। वर्तमान में जिस तरह से ग्रहों की दशा है। उसमें चाचा भतीजा, पिता पुत्र और अपने सहयोगियों के साथ जो लड़ाई झगड़ा देखने को मिल रहा है। ज्योतिषी कह रहे हैं यह सब ग्रहों का कमाल है। जितने भी अहंकारी नेता होंगे। सौर मंडल के गृह सबको सबक सिखा कर ही जाएंगे। जो होगा वह आश्चर्यजनक होगा।

कश्मीर में आतंक के खिलाफ सख्त फैसले का वक्त

भारत में हिंदुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दिया है।

प्रभुनाथ शुक्ल

अपने ही देश में बहुसंख्य हिंदू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमले और हिंसा बढ़ गए हैं। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। भारत के पड़ोसी इस्लामिक देश में हिंदुओं की स्थिति बद से बदतर है। जबकि ये कभी भारत के हिस्सा थे।यहाँ हिंदुओं पर लगातार धार्मिक उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं भारत की चिंता को बढ़ा दिया है। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रहीं हैं। सबसे अहम मुद्दा यह है कि अपने देश में ही हिंदू बाहुल्य होने के बाद भी हिंदू सामुदायिक हिंसा का शिकार बन रहा है। जबकि चीन में उइगर मुसमानों का दमन किसी से छुपा नहीं है, लेकिन चीन के खिलाफ पाकिस्तान, बांग्लादेश खामोश है। कश्मीर हुआ नरसंहार इसका ताज़ा उदाहरण है। भारत में इस तरह की हिंसा के पीछे वोटबैंक के लिए राजनैतिक तुष्टिकरण सबसे बड़ी समस्या है।

भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है। लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में राजनैतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में

सामयिक विश्लेषण

सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। दोनों समुदायों में एक दूसरे के प्रति नफरत और डर का माहौल पैदा हुआ है। इस तरह की सामुदायिक हिंसा के पीछे सामाजिक, आर्थिक, राजनीति, सोशलमीडिया और धार्मिक कारण मुख्य हैं, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं देश के धार्मिक और सांप्रदायिक तानेबाने को विभाजित करती दिखती हैं।

जम्बू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। आतंकवादियों ने सिर्फ हिंदुओं को निशाना बनाया और उनका धर्म पूछ कर उन्हें गोलीबारी मारी। हालांकि की कश्मीर में इस नरसंहार को लेकर काफी गुस्सा देखा जा रहा है। कश्मीर में इस बात पर भी गुस्सा है कि हमले में सिर्फ हिंदू मारे गए। लोगों का कहना है कि पर्यटकों की जान बचाने के लिए दो स्थानीय मुस्लिम और ईसाई, जैन भी मारे गए है। मीडिया का यह रुख गलत है। पूरा कश्मीर पीड़ित परिवारों के साथ है। आतंकियों को फांसी देने की भी बात कहीं गई है। देश के कई हिस्सों में मुस्लिम संस्थाओं ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी भी किया है। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मीचीफ जनरल कियानी की तरफ से भारत और हिंदुओं के खिलाफ दिया गया वह उसकाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है जिसमें उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बात पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है जिसमें पर्यटकों का धर्म पूँछ कर नरसंहार किया गया। यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधीजंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिंदुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता हैएवं कश्मीर में अलगाववाद की नींव और मजबूत करना चाहता है। खैबरपखतून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है। जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था। लेकिन वह जो कर रहा है उसकी भरपाई उसे करनी होगी।

कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता - आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुईं हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलाहने लगी है। यह सब देख पाकिस्तानी फ़ौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा समझे अहम कारण कश्मीर के राजनैतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते हैं। क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहाँ बाधित हुईं वहीं आर्थिक नुकसान हुआ है। वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनैतिक फैसले इस आग में घी का काम किया है।

चिंतन ही जीवन की सार्थकता

समाज में अनेक विषय है जिन पर आजकल सब चल रहे हैं सभी का अपना नजरिया होता है, अपनी सोच होती है पर हम यदि यह सोचें की जिंदगी मेंअसल आनंद तो सुख और दुख दोनों में है यही तो जीवन के दो पहलू हैं इन पर समान दृष्टि रखकर ही हमें अपनी अच्छी सोच रख सत्कर्म करने चाहिए ,नेकी कर दरिया में डाल अर्थात दूसरे के दुख में खड़े रहना और अपने लिए कभी अपेक्षा न करना ही श्रेयस्कर होता है।

डॉ संध्या जैन श्रुति

हमें जीवन पथ पर संभाल कर चलना और औरों को संबल देना ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है आधुनिक दौर में यदि हम सामाजिक सौहार्द का संदेश लेकर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हैं तो निश्चित ही मन की संप्रेषणीयता सीधे मन से मन तक बात कर सकती है वैसे भी रचनाकार का कर्तव्य होता है कि वह समाज को न केवल जागृत बनाकर रखे बल्कि उसे अपने कर्तव्य बोध के प्रति भी सचेत करें।, क्योंकि चिंतनशीलता सामाजिक विसंगतियों और विषमताओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है सहज आत्मीयता, सुकोमल प्रेम ,विश्वास और समर्पण जीवन के ऐसे तत्व हैं जो प्रभाव अवश्य ही डालते हैं और यही जीव जगत का सार है अच्छी सोच और अपनी बात कहने का सुंदर तरीका सदैव आकर्षण का केंद्र होता है लोकहित और सर्वहित की भावना के साथ-साथ जहाँ पर आम आदमी की समस्याओं का और दुख दर्द का वर्णन होता है, साथ ही उनका समाधान भी होता है तो मन की सरल मिठास आल्हादित कर जाती है।

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में एक और जहाँ राजनीति आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती हैं वहीं दूसरी ओर आम आदमी भी राजनीति को प्रभावित करता है सामान्य सी बात है आज लोगों ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार का माध्यम बना लिया है समाज की समृद्धि को भ्रष्टाचार से जितना नुकसान पहुँचा है उतना और किसी ने नहीं पहुँचाया कहते हैं ना सरकारी कार्य में अगर 50त्नका भी सदुपयोग हो जाए तो बहुत बड़ी बात है अतः व्यक्ति कहीं ना कहीं अपने कार्यों से देश और समाज को प्रभावित कर रहा है पहले के समय में ऐसा नहीं था प्रत्येक व्यक्ति का हर छोटे बड़े इंसान के प्रति सम्मान का भाव होता था। गाँव में छोटे बड़ों को आदर देते थे और बड़े छोटों को आशीष देते थे पर हम महानगरों में देखते हैं कि आजकल छोटे बड़ों का भेद समाप्त हो गया है, वह विनय भाव, सम्मान भाव ,सदाचरण बहुत कम नजर आता है। इसीलिए आज अध्ययन, चिंतन और मनन की आवश्यकता है जब चिंतन होगा तो, प्रकृति और पर्यावरण की भी चिंता होगी ।जल और जंगल की भी चिंता होगी। चिंतन से ही आम आदमी के दुख दर्द और जीवन की कठिनाइयों का विश्लेषण हो पाएगा कहाँ क्या सही हो रहा है और कहाँ क्या गलत हो रहा है इस बात को जान लेना बहुत जरूरी है इन्हीं सब बातों से तो जीवन में मिठास, गरिमा और आनंद का आल्हाद बना रहेगा। वर्तमान में हम देखते हैं की अमीर और अमीर होता जा रहा है और गरीब और गरीब होता जा रहा है इंसानियत, न्याय, ईमानदारी, समर्पण, त्याग जैसे शब्द बोने होते जा रहे हैं वरिष्ठ कवि आचार्य भगवत दुबे जी ने लिखा बिकता है न्याय ,सस्ता ईमान हो गया क्रेताओं को सुलभ, अब सम्मान हो गया । मेहनतकशों को रोटी ,होती नहीं मयस्सर । अब जानवर से बद्तर इंसान हो गया।

सुविचार

बिना उत्साह के आज तक कोई भी महान उपलब्धि पाई नहीं जा सकी है।

- राल्फ वाल्डो एमर्सन

आप आराम की जिंदगी जीना चाहते हैं तो कुछ परेशानी तो उठानी ही पड़ेगी।

- एबिगैल वैन ब्यूरेन

प्रसंग

सबसे बड़ा सुख

राजा विक्रमादित्य के राज्य में एक सदाचारी, नेक और ईमानदार रा पुजारी रहता था । वह बहुत ही निर्धन था । एक दिन वह धन प्राप्ति के उद्देश्य से अपने घर से निकल पड़ा । रास्ते में उसकी मुलाकात एक पहुंचे हुए महात्मा से हुई । पुजारी से बातें करने के बाद महात्मा समझ गए कि यह नेक, ईमानदार व गुणवान है। उन्हीं दिनों विक्रमादित्य अपना राज्य किसी योग्य व्यक्ति को सौंप कर महात्मा के संसर्ग में रहकर शांति से अपना शेष जीवन गुजारना चाहते थे । उन्होंने महात्मा को यह बात बताई हुई थी । महात्मा पुजारी को अपने साथ राजा के पास ले गए और उन्हें सारी बात बताई । महात्मा से पुजारी के बारे में जानकर विक्रमादित्य उसे राज्य सौंपने को तैयार हो गए। पुजारी ने सोचा कि यदि राजा विक्रमादित्य जैसा प्रतापी शासक अपना सब कुछ सौंपकर महात्मा जी के साथ जाना चाहता है, तो इसका अर्थ यह है कि शायद महात्मा के संसर्ग में राज - सुख से भी अधिक सुख प्राप्त होता होगा । वह राजा से बोला, महाराज, मैं भला एक मामूली सा व्यक्ति इतना बड़ा राजपाट कैसे संभालूंगा। मुझे तो इसका बिल्कुल भी अनुभव नहीं है। इसके योग्य तो आप ही हैं। फिर वह महात्मा के पास जाकर बोला, गुरुजी, राजा तो राज्य त्यागकर आपके पास आने के लिए उत्सुक हैं। इससे तो यही जान पड़ता है कि इस दुनिया में राज - सुख से भी बड़ा कोई सुख है । मुझे तो आप अपनी शरण में ले लीजिए। पुजारी की बात सुनकर महात्मा मुस्कराते हुए बोले, तुमने ठीक पहचाना । इस दुनिया में राज- सुख से भी बड़ा सुख है शांति से सभी दुर्गुणों पर विजय पाकर सबकी सेवा का संकल्प ।

जरा हटके

रजनीगंधा: खुशबू से सेहत तक का अनमोल खजाना

नई दिल्ली (ईएमएस)। आयुर्वेद में रजनीगंधा को एक विशेष स्थान प्राप्त है। इसके फूल, पत्ते और जड़ें कई औषधीय गुणों से युक्त होती हैं। खासतौर पर यह यौन संचारित रोगों (एसटीआई) के इलाज में कारगर मानी जाती है। रजनीगंधा का नाम सुनते ही मन एक अद्भुत ताजगी से भर जाता है।

इसकी सफेद पंखुड़ियां और मनमोहक खुशबू न केवल वातावरण को महकाने का काम करती हैं, बल्कि इसका उपयोग स्वास्थ्य और औषधीय गुणों के लिए भी किया जाता है। वैज्ञानिक रूप से पोलिएन्थेस ट्यूबरोसा नाम से पहचाने जाने वाले इस फूल को आमतौर पर ट्यूबरोज के नाम से भी जाना जाता है। मूल रूप से यह मैक्सिको और मध्य अमेरिका में पाया जाता था, लेकिन अब भारत में भी बड़े पैमाने पर इसकी खेती की जाती है। इसके सौंदर्य, पवित्रता और सुगंध के कारण इसे प्रेम और शांति का प्रतीक भी माना जाता है। शोध के अनुसार, इसके बल्ब का अर्क गोनोरिया जैसी बीमारियों में प्रभावी होता है। इसके अतिरिक्त, यह मूत्रवर्धक गुणों से भरपूर होता है, जिससे मूत्राशय की सूजन और मूत्र प्रतिधारण जैसी समस्याओं में भी राहत मिलती है। रजनीगंधा का तेल सूजन और जोड़ों के दर्द को कम करने में भी सहायक होता है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर की सूजन को कम करने और मांसपेशियों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

त्वचा की समस्याओं के लिए भी यह एक बेहतरीन प्राकृतिक उपाय माना जाता है। रजनीगंधा का अर्क मुंहासों, तैलीय त्वचा और बड़े रोमछिद्रों की समस्या को कम करने में सहायक होता है। कई सौंदर्य उत्पादों में भी इसका उपयोग किया जाता है, क्योंकि यह त्वचा को नमी प्रदान करने के साथ-साथ उसे पोषण भी देता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी यह फूल बहुत उपयोगी माना जाता है। रजनीगंधा की खुशबू तनाव और चिंता को कम करने में मदद करती है। इसकी मनमोहक सुगंध दिमाग को शांत करने और बेहतर नींद लाने में सहायक होती है। इस फूल का उपयोग धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भी किया जाता है।

फोटो ऑफ द डे

बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति जी शिंपपिंग केन्याई राष्ट्रपति विलियम रुटो के स्वागत समरोह में पहुंचे। (फोटो-ईएमएस)

व्यंग्य

अपुन आजकल नाराज़ चल रहे हैं!

-गुरमीत बेदी

हम आजकल बहुत नाराज़ हैं। किस-किस से नाराज़ हैं और क्यों नाराज़ हैं, यह जानने के लिए आपको बहुत ज़्यादा इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा। हम उन लोगों में से नहीं हैं जो पूरे पाँच साल तक आपके सब्र का इम्तहान लें और फिर अपना दिल उधेड़कर आपको जख्म़ दिखाते फिरें। हम उन लोगों में से भी नहीं हैं जो प्रतीकों और बिंबों के माध्यम से अपनी बात कहें और आपके पल्ले कुछ न पड़े। हम तो निहायत सीधे-साधे आदमी हैं जो दिल के किसी कोने में नाराज़गी का विष रखकर हँसते-हँसते डँसने में कतई यकीन नहीं रखते।

हम नाराज़ हैं तो भई नाराज़ हैं हम अपनी नाराज़गी क्यों छिपाएँ? सबको पता चलना चाहिए कि अपुन नाराज़ हैं। मुल्क में सूचना का अधिकार लागू हो चुका है। अब बाकी के लफ़ड़े लोगों को पता चलें न चलें लेकिन यह तो मालूम रहना ही चाहिए न कि अपुन आजकल बहुत नाराज़ चल रहे हैं। आखिर लोकतंत्र है भई। कोई फौजी शासन थोड़े ही है जो बूटों के भार तले किसी की नाराज़गी रौंद दी जाए।

हम अक्सर चुप रहते हैं। बयान नहीं देते। जैसा-जैसा हमें हुक्म होता है, वैसा-वैसा हम कर देते हैं। हम रियैक्ट नहीं करते लेकिन इसका मतलब यह थोड़े ही है कि हम नाराज़ नहीं हैं। नाराज़ तो हम हैं ही। अब देखो न, मुझसे पूछे बिना मेरे बेटे ने पी. एम. टी. की परीक्षा के लिए फ़ार्म भरकर भेज दिया। उसे प्लस-टू में पास कैसे करवाया, यह या तो मैं जानता हूँ, या मेरा खुदा या फिर वह प्रिंसीपल, जिसने उसका सारा प्रश्नपत्र हल कर दिया था। लेकिन पी.एम. टी. का एग्ज़ाम मेरे किसी दोस्त के निजी स्कूल में तो होगा नहीं जो बेटा बिन पढ़े पास हो जाए। क्या मेरी नाराज़गी अपनी जगह सही नहीं है? पारदर्शिता का दौर है। इस नाराज़गी की वजह आपको मालूम होनी चाहिए न !

एक और वजह भी है हमारे नाराज़ होने की। किसी भी कार्यक्रम में हमें कोई भाव नहीं दिया जाता। हम मंच संचालक को चिटें भिजवाते ही रह जाते हैं कि भई हम भी किनारे पर खड़े हैं, अपने संबोधन में हमारा भी नाम ले दो। लेकिन इन चिटों पर ग़ौर फ़रमाने की बजाए मंच संचालक महोदय इसे अपनी मुट्ठी में यों मसल देते हैं जैसे नाराज़ प्रेमिका फूल को मसल कर रख देती है। मंच संचालक की इस बेरुख़ी से पब्लिक को पता ही नहीं चलता कि हम भी वहाँ पर थे। क्या हमारी कोई बुक़त नहीं है? क्या हमने बेकार में नया पैंट-कोट सिलवाया? ऐसे-ऐसे लोग समारोह और अख़बार में जगह पा जाते हैं जिनकी कोई कांट्रीब्यूशन ही नहीं होती। ऐसे में हम नाराज़ भला क्यों न हों? आख़िर कोई आचार-संहिता, कोई पैमाना, कोई प्रोटोकॉल होना चाहिए।

दो साल पहले मोहल्ले में एक कोर कमेटी बनी। एक सज्जन ने मुझे सपरिवार खाने पर बुलाया। दीवाली पर ड्राई फ्रूट का गिफ्ट पैक भी भिजवाया। हमने कई लोगों को नाराज़ करके कोर कमेटी के चुनाव में उस सज्जन को प्रधान की कुर्सी पर बिठवाया, इसके बाद वह सज्जन एक हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष भी बनें लेकिन हमारी तरफ़ से उन्होंने आँखें फेर ली। जिन लोगों ने कोर कमेटी के चुनाव में उनकी मुखालफ़त की थी, वे अब उनकी लाल बत्ती वाली कार में सैर फ़रमाते हैं। हम वहीं पैदल के पैदल। पिछली दीवाली पर भी उन्होंने हमें गिफ्ट नही भिजवाया और यह दीवाली भी ड्राई फ्रूट की बाट जोहती रही।

चिंतन-मनन

ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों

एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?

महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो? वह बोला- नहीं जानता।

तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा? अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत्? ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

स्वास्थ्य

डायबिटीज होने पर हॉट शॉवर से बढ़ सकती है त्वचा संबंधी परेशानियां

लंदन (ईएमएस)। डायबिटीज ऐसी बीमारी है, जो कई समस्याओं को जन्म देती है। देखने में दिक्कत, वजन कम होना, श्वसन तंत्र में परेशानी, बालों का झड़ने के अलावा त्वचा से जुड़ी समस्याओं के लिए डायबिटीज जिम्मेदार हो सकती है।

डायबिटीज के मरीजों को स्किन से जुड़ी समस्याएं होना सामान्य है। लगभग 30 प्रतिशत डायबिटिक पेशेंट्स में त्वचा संबंधी रोग पाए जाते हैं। डायबिटीज में शरीर की हीलिंग पॉवर कम हो जाती है जिस वजह से किसी भी प्रकार की चोट, खांसी या स्किन संबंधी समस्या को ठीक होने में समय लगता है। स्किन प्रॉब्लम के लक्षण डायबिटीज की शुरुआत में ही दिखाई देने लगते हैं। सकिन प्रॉब्लम होने पर शरीर के किसी भी हिस्?से में पीले, लाल या भूरे रंग के धब्बे, सख्त व मोटी स्किन, इंफेक्शन, फफोले और खुजली जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं। डायबिटीज होने पर हॉट शॉवर लेने से भी स्किन संबंधी समस्या बढ़ सकती है। स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए उसकी सही देखभाल बेहद जरूरी है। साथ ही स्किन को इंफेक्शन से बचाने के लिए सावधानी बरती जा सकती है। सकिन की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए सबसे अहम है हाइजीन। स्किन को साफ और ड्राई रखने से स्किन को डैमेज होने से बचाया जा सकता है।

मुस्लिम समाज ने की आतंकवादियों को फांसी की मांग

खरगोन, ईएमएस। जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकी घटना का मुस्लिम समाज ने भी विरोध किया है। गुरुवार को जिला मुस्लिम कमेटी के बैनर तले एसपी कार्यालय पहुंचे पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर आतंकियों को फांसी देने की मांग की। कमेटी के सदर रियाजुद्दीन शेख ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। इस हमले के दोषियों को सख्त सजा दी जाए और आतंकियों के साथ ही उन्हें पनाह देने वालों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाए।

वार्ड क्रमांक 4 में बनेगी सीसी सड़क एवं नाली

अशोकनगर, ईएमएस। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने पार्षदो के साथ वार्ड क्रमांक 04 की फौजी भवन वाली गली में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह कार्य पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव द्वारा स्वीकृत राशि से किया जा रहा है। पूर्व सांसद द्वारा वार्ड क्रमांक 10 एवं 4 के लिए राशि दी गई थी, जिसमें वार्ड 10 में नाला निर्माण एवं वार्ड 4 में सड़क निर्माण शामिल था। भूमिपूजन के दौरान वार्डवासियों में खासा उत्साह देखा गया।

फटाफट खबरें

निजी स्कूलों की मनमानी पर लगे रोक, पालक संघ ने सौंपा ज्ञापन

खरगोन, ईएमएस। नया शिक्षण सत्र शुरु होते हुए निजी शिक्षण संस्थाओं में पुस्तक, ड्रेस की मनमानी की शिकायतें थमने का नाम नही ले रही। शासन स्तर पर एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य किए जाने के बाद भी निजी पब्लिकेशन की महंगी पुस्तकें, अलग- अलग तरह की ड्रेस के साथ ही अन्य शुल्क को लेकर शिकायतें लगातार सामने आ रही है। गुरुवार को पालक महासंघ के पदाधिकारीयो ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया कि निजी शिक्षण संस्थानों में जहां कई स्कूलों ने मनमाने तरीके से फीस बढ़ा दी गई है, वहीं एनसीईआरटी की सूची ही सिर्फ विभाग को दे दी जाती है, जबकि विद्यालय में निजी प्रकाशन की पुस्तकें खरीदने के लिए पालको पर दबाव बनाया जा रहा है। एक निश्चित दुकान से पुस्तक, ड्रेस, जूते आदि लेने को कई पालक मजबूर हो रहे हैं। पालक महासंघ के जिला अध्यक्ष जयंत गुप्ता ने बताया गकी कई निजी शिक्षण संस्थाएं शासन-प्रशासन के नियमों का उल्लंघन कर सिर्फ बीआरसी, डीपीसी, डीओ को गलत जानकारी देकर पालकों का शोषण कर रही है और विभागीय अधिकारी कुंभकरण की नींद सो रहे हैं।

अग्निकांड के दोषियों पर अब तक कार्यवाही न होने को लेकर कांग्रेस का आंदोलन आज

नसरूल्लागंज-भैरूंदा, ईएमएस। विगत दिनों हुए नगर के मुख्य बाजार जे पी मार्केट में रात्रि 9-30बजे लगी भयावह आग के दोषियों पर प्रशासन द्वारा अब तक कार्यवाही न किए जाने से न सिर्फ पीड़ितों में बल्कि नगर एवं क्षेत्र में भी आक्रोश का माहौल है जिसे लेकर कांग्रेस शुक्रवार को आंदोलन करने जा रही है। उल्लेखनीय है कि अग्निकांड के दूसरे दिन कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने एस डी एम को दिए ज्ञापन में सी एम ओ एवं अन्य दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी जिसके बाद उन्होंने मंगलवार तक का समय मांगा इसके बाद फिर दो दिन और दिए जाने क्षेत्र में हुए अग्निकांड में पीड़ित लोगों को मुआवजा न दिए जाने के बाद जिला प्रशासन के द्वारा स्थानीय दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसे लेकर ब्लाक कांग्रेस अपने समस्त मंडलों के साथ शुक्रवार को आंदोलन करेगी जिसे लेकर ब्लाक कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है अपने सभी वरिष्ठ नेताओं को सूचित करते हुए प्रशासन को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

नपा नेता प्रतिपक्ष पर हुई एफआईआर के विरोध में सर्वसमाज का प्रदर्शन

सफाई व्यवस्था सुधार की मांग पर कार्रवाई को बताया राजनीति से प्रेरित

अशोकनगर, ईएमएस।

शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर आवाज उठाना एक पार्षद को महंगा पड़ गया। वार्ड 18 के पार्षद और नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन पर दर्ज एससी/एसटी एक्ट की एफआईआर के विरोध में गुरुवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन हुआ।

सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए लोगों में सर्वसमाज, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन और अन्य सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला और ज्ञापन सौंपा। इस विरोध में कांग्रेस विधायक हरीबाबू राय भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पार्षद रीतेश जैन ने सिर्फ नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की थी। उन्होंने सफाई कर्मियों को समय पर और ठीक से काम करने को कहा था, जिसके बाद एक सफाई कर्मी की शिकायत पर बिना जांच किए पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर दी। लोगों का आरोप है कि यह एफआईआर पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है और एक जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी निभाने की कोशिश को दबाने का प्रयास है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की परंपराएं जारी रहीं, तो कोई भी जनप्रतिनिधि जनता के मुद्दों को उठाने से डरने लगेगा। रीतेश जैन रक्षा विभाग में राजपत्रित अधिकारी रह चुके हैं और नगरपालिका में लगातार जनहित के मुद्दों को उठाते रहे हैं। संगठनों ने इस एफआईआर को तत्काल रद्द करने और जनप्रतिनिधियों को संरक्षण देने की मांग की है।

विधि महाविद्यालय में लाखों के घोटाले का आरोप

एनएसयूआई ने की प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अशोकनगर, ईएमएस। बुधवार को रघुवंशी धर्मशाला में एनएसयूआई ने शासकीय विधि महाविद्यालय के मामले को लेकर प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने खेल सामग्री की खरीद और मूट कोर्ट निर्माण में 7.83 लाख रुपए के वित्तीय घोटाले का आरोप लगाएं है। संगठन ने इस मामले को शासकीय निधि के दुरुपयोग और प्रक्रिया के उल्लंघन का गंभीर मामला बताया है।

प्रेसवार्ता में बताया गया कि खेल सामग्री की खरीदी में 2.95 लाख रुपए खर्च किए गए, लेकिन इसमें कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। क्रय समिति के हस्ताक्षर दस्तावेजों पर नहीं हैं, जिससे खरीदी की पारदर्शिता पर सवाल उठता है। एक फर्म ने क्रिकेट बैट का रेट 9,400 रुपए दिया, जबकि दूसरी फर्म से उसे 11,200 रुपए में खरीदा गया, वह भी बिना समिति की संस्तुति के। मूट कोर्ट निर्माण में 4.88 लाख रुपए की लागत बताई गई, लेकिन हस्ड्ढ का आरोप है कि काम पूरा होने से पहले ही भुगतान कर दिया गया। सिर्फ यहीं नहीं, बल्कि भौतिक सत्यापन भी बिना पूर्ण कार्य के कर दिया गया। निर्माण में घटिया लकड़ी और फर्नीचर के इस्तेमाल की बात भी सामने आई है। विधायक इंजीनियर हरी बाबू राय और एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने प्रेसवार्ता में प्राचार्य मनोज ठाकुर और प्रभारी गरिमा राठौर पर सीधा आरोप लगाते हुए इनके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई और स्वतंत्र जांच की मांग की है। साथ ही शासकीय निधि की वसूली और दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने की भी मांग रखी गई।

बिना अनुमति के 62 हजार का खर्च: एनएसयूआई ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन ने उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति लिए बिना 62,240 रुपए का आयोजन व्यय किया। इसके अलावा एक ही फर्म ने बिना पंजीयन के कई कार्यों की निविदाएं भरीं, और सभी निविदाएं एक जैसी हस्तलिपि में भरी गईं, जिससे फर्जीवाड़े और मिलीभगत की आशंका गहराती है।

ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा में भारी भ्रष्टाचार, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

दबंग सरपंच राजनीति की आड़ में कर रहा मनमानी, रोजगार सहायक कर रहा मनरेगा में वित्तीय अनियमितताएं

अशोकनगर, ईएमएस।

जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है, राजनीति की आड़ में दबंग सरपंच द्वारा जमकर मनमानी की जा रही है, कई बार शिकायत होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां तक की गरीबों का हक छीनने वाले रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा में भारी भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताएं की जा रही हैं। लेकिन अधिकारी सरपंच की दबंगई और राजनीतिक रसूख से डरकर करवाई तो दूर शिकायत की जांच भी नहीं कर रहे। पंचायत में विकास कार्यों से लेकर हर जगह भ्रष्टाचार है और सुनने वाला कोई नहीं। इससे सवाल उठ रहा है कि गरीबों का हक छीनने वालों पर आखिर कब करवाई होगी? बेरोजगार गरीबों को गांव में ही रोजगार देने सरकार की मनरेगा योजना है, लेकिन वित्तीय अनियमितताओं के चलते, रोजगार सहायक गांव के गरीब, बेरोजगारों का हक छीनने पर आमादा है। उन्हें रोजगार देने की बजाय पोर्टल पर झूठ काम और मजदूर चढ़ाए जाते हैं और राशि हड़प ली जाती है। बुधवार को

फाइल फोटो

आवेदक लालाराम उर्फ मनी अहिरवार पुत्र रामलाल अहिरवार ने जिला पंचायत के सीईओ को शिकायती आवेदन देकर मनरेगा में सहायक सचिव द्वारा की जा रही वित्तीय अनियमितताओं की जांच, करवाई की मांग की है। योजना में गरीब तबके के लोगों को रोजगार उपलब्ध करना है, परन्तु सरपंच, रोजगार सहायक, द्वारा शासकीय अभिलेखों में मजदूरों की फोटो व प्रोजेक्ट फर्जी दर्ज करके आर्थिक दुरुपयोग किया जा रहा हैं, और शासन की राशि हड़पी जा रही हैं, शासकीय दस्तावेजों में कूट रचना की जा रही है। यह जॉच योग्य विषय है।

पंचायत में भ्रष्टाचार और सरपंच की मनमानी को लेकर जब कोई सवाल उठता है तो दबंग सरपंच दबाव बनाने उसे धमकता है। शिकायत कर्ता ने रोजगार सहायक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर सेवा समाप्त करने एवं बीएनएस की धारा 335, 336, 331, 338, 339, 340, आदि के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है।

इन कार्यों में हुई गड़बड़ी

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मेरा देश मेरी माटी अमृत वाटका गौशाला के पास, पोखर निर्माण कार्य, पदमा के खेत के पास, भैया लाल के खेत के पास, जीतू के खेत के पास, नंदू के खेत के पास, कल्लू के खेत के पास, गुमान के खेत के पास, लालचंद के खेत के पास, सुलेमान के खेत के पास, नारायण के खेत के पास, स्टॉप डैम निर्माण कार्य झरिया वाले घाट पर, ग्राम हमीरपुर 14 लाख से ऊपर सार्वजनिक कूप निर्माण गौशाला के पास, सुदूर सड़क निर्माण गौशाला से में रोड की तरफ वर्ष 2025-26 में कूप निर्माण कार्य संतोष साहू, प्रताप सिंह, ग्राम पंचायत मनरेगा पोर्टल पर 73 मजदूर चढ़ाए गए जबकि दो काम चल रहे थे, पोखर निर्माण लालचंद के खेत के पास, नरेंद्र/नारायण के खेत के पर।

जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए रात्रि चौपाल आयोजित

अशोकनगर, ईएमएस।

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने एवं जल को कैसे संरक्षित करे इस हेतु 23 अप्रैल की रात्रि में जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवंकुर संस्था गुरुदेव समाज कल्याण समिति अशोकनगर व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रैपरी के तत्वाधान में ग्राम रैफरी में जल संरक्षण के प्रति जागरूक हेतु रात्रि चौपाल आयोजित की गई।

रात्रि चौपाल में जिला समन्वयक अनीता जाटव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में बताया। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने दैनिक जीवन में पानी की क्या उपयोगिता इसके बारे में बताया और छोटे-छोटे उपाय बताएं तथा नवांकुर संस्था के सचिव भूपेंद्र सिंह रघुवंशी ने जल संरक्षण करने के विभिन्न उपाय से अवगत कराया। ग्रामीणों ने भी अपने सुझाव में कहा ग्राम के जो तालाब टूट चुके हैं उनकी मरम्मत जरूरी है।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

अशोकनगर, ईएमएस। प्रत्येक गांव का विकास ही पंचायती राज का मुख्य उद्देश्य है। ग्रामों पंचायतों को नवीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से सशक्त एवं मजबूत बनाने की दिशा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर कार्य कर रहे। पंचायतों के डिजीटल होने से स्थानीय स्तर पर लोगों को सुविधाएं मिल सकेगी।

पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ मुस्लिम समाज ने ज्ञापन सौंपकर की कड़ी कार्रवाई की मांग

चंदेरी (ईएमएस)। नगर के मुस्लिम समाज द्वारा पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार मैं अपनी जान गवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हमले में शामिल आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हुए आज अपना ज्ञापन तहसीलदार चंदेरी दिलीप दरोगा को महामहिम राष्ट्रपति के नाम सोपा।

ज्ञापन सौंपने वालों में चंदेरी के प्रमुख मुस्लिम संगठन मुस्लिम बेलफेयर सोसाइटी तहसील वक्फ कमेटी मोमिन अंसारी राष्ट्रीय एकता संगठन उर्स कमेटी चंदेरी एवं समस्त मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष इदरीश खान पठान ने कहा कि यह हमला देश को तोड़ने वाली विदेशी ताकतों द्वारा की गई साजिश है आतंकवादियों का न कोई धर्म और ना कोई मज़हब होता है हम सभी निहत्थे निर्दोष पर्यटकों पर किए हमले से दुखी हैं और हमारी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ हैं और हम देश के महामहिम राष्ट्रपति एवं देश के प्रधानमंत्री जी से निवेदन करते हैं कि इस तरह के आतंकवादियों एवं इस हमले के षड्यंत्रकारीयों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही तुरंत करने का आह्वान करते हैं ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से आकिब मौलाना, चंदेरी अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष सिराज खा पठान, एडवोकेट तनवीर अहमद जाफरी अबरार अहमद आसमा परवीन, सुफेर इलाहाबादी अब्दुल कलाम खालिद मोहम्मद, महबूब खान, शाहनवाज खान जुल्फिकार अंसारी फिरोज खान पठान वसीम खान एवं अन्य मुस्लिम समाज के नागरिक उपस्थित थे।

नगर पालिका का साढ़े 7 एकड़ के ट्रिंचिंग ग्राउंड में साढ़े 3 एकड़ पर कचरे का हो रहा निपटान, अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश से हड़कंप

नर्मदापुरम(ईएमएस)। प्रतिदिन नगर से निकल रहे कचरे के निपटान के लिए पिछले बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा निरीक्षण किया गया।

कचरा डंप कराने के लिए आ रहे अवरोधों को हटाने के लिए ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए कब्जे को हटाने के निर्देश अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत को दिए। बताया जाता है खोजपुर ट्रेंचिंग ग्राउंड में नगर पालिका के पास साढ़े 7 एकड़ जमीन है लेकिन यहां पर अधिकतर जमीन पर अतिक्रमण है और लगभग साढ़े 3 एकड़ पर ही कचरा डाला जा रहा है। इससे जगह की समस्या बन रही है। इस दौरान उपयंत्री प्रतिमा बेलिया को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर दूसरी यूनिट जल्द से जल्द लगवाकर कचरा निपटान की प्रक्रिया तेज किए जाने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री आयुषी रिछारिया, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि पंकज पांडे, जीतू तिवारी, अतुल भंडारी सहित नगरपालिका का अमला उपस्थित रहा। उपयंत्री प्रतिमा बेलिया ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। कचरा निपटान में आ रही अड़चनों को दूर करने के सख्त निर्देश दिए गए। जिन लोगों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कच्चे पक्के अतिक्रमण कर रखे हैं उन्हें तीन दिनों में अपने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा निपटान के लिए 500 टन की यूनिट और लगाई जा रही है, जिससे कचरा के निपटान में और अधिक गति आएगी। कचरा का निपटान कर रही कंपनी के कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि समय सीमा में अपना कार्य पूर्ण करें। जेसीबी के माध्यम से कचरा डंप कराने के लिए जगह बनाई जाए। एक दिन भी कचरा गाड़ी रुकती है तो नगर में कचरा एकत्रित हो जाता है। इससे नागरिकों को काफी परेशानी होती है।

30 को मनेगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव, निकलेगी शोभायात्रा

खरगोन, ईएमएस। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य रूप में मनाया जाएगा। इस दिन ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें शहर सहित संपूर्ण जिले से समाजजन शामिल होंगे। आयोजन की तैयारियों के लिए आप सभी समाजजन उत्साह के साथ जुट जाए। ये बात परशुराम जन्मोत्सव आयोजन के संरक्षक और पूर्व विधायक रवि जोशी ने बुधवार को गौरीधाम स्थित देवयानी सभागृह में आयोजित ब्राह्मण समाज की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही आगामी 17 और 18 मई को ब्राह्मण समाज का एक और प्रांतीय आयोजन होने जा रहा है। जिसमें विवाह योग्य युवक, युवतियों का परिचय सम्मेलन, पत्रिका का विमोचन, बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार, प्रतिभा सम्मान समारोह सहित महिला उद्यमी मेले का आयोजन किया जाएगा। शुभा खोड़े, रेखा त्रिवेदी ने आमंत्रण बांटने की जानकारी देते हुए बताया कि समाज की महिलाएं प्रत्येक समाज जन के घर-घर जाकर निमंत्रण दे रही है।

न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए लाया जाए नया विधान

खरगोन, ईएमएस। न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया एवं न्यायिक आचरण में पारदर्शिता के लिए एक नया विधान लाया जाए, नए विधान बनने एवं लागू होने तक नियुक्ति की वर्तमान प्रक्रिया पूर्व-विचार जांच एवं पारदर्शिता के साथ कॉलेजियम के माध्यम से उच्च न्यायपालिका जारी रखी जाए, जैसी मांग गुरुवार को अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने करते हुए राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के नाम ज्ञापन सौंपा है।

कलेक्टर कार्यालय पहुंचे अधिवक्ता परिषद महामंत्री निर्मल भारती, दीपक सोनी, अमित मित्तल, जितेंद्र सालवे, राजेश गुजराती, अभय ठाकरे, अंचल

अधिवक्ता परिषद ने न्यायापालिका की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए पारित किए 10 सुत्रीय प्रस्ताव, सौंपा ज्ञापन

महाजन, अजय डावर, प्रज्ज्वल सोनी आदि ने बताया कि गत दिनों आंधप्रदेश के विजयवाडा में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें न्यायालीयन प्रक्रिया को मजबुत करने, पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से 10 प्रस्तावों को पारित किए गए, जिन्हें लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के साथ ही सुप्रीम कोर्ट से मांग की जा रही है।

यह है मांग : परिषद ने ज्ञापन में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया एवं न्यायिक आचरण में पारदर्शिता के लिए नया विधान लागू करने, नए विधान बनने एवं लागू होने तक कॉलेजियम के माध्यम से उच्च न्यायपालिका नियुक्ति करें। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व सीजेआई और उच्च न्यायालयों के सींजे और प्रतिष्ठित व्यक्ति की, तुरंत एक स्थायी समिति का गठन करे जो वर्तमान पीठासीन अधिकारियों की जवाबदेही तय करे। जैसी अन्य मांगें एवं सुझाव परिषद ने दिए है।

मुस्लिम समाज ने पहलगाम आतंकी हमले का किया विरोध, पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

अशोकनगर, ईएमएस। मुस्लिम समाज द्वारा पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए मासूम लोगों को श्रद्धाजलि अप्रित करते हुए घटना को लेकर विरोध दर्ज किया गया। इस दौरान मुस्लिम समाज द्वारा आतंक बाद के खिलाफ जमकर नारे बाजी कर मोदी सरकार से आतंकबाद के खात्मे की मांग की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में मुस्लिम समाज का गुस्सा आतंक बाद के विरोध में फुट पड़ा शोक सभा में उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियां जला कर आत्म शांति के लिए प्रार्थना कर देश में दुख की इस घड़ी में शहर की ताजिया कमेटी सहित अंजुमन इस्लाम कमेटी तथा मस्जिदों की प्रबंधक टीम के साथ बच्चों ने भी दुखी और पीड़ित परिवारों को शक्ति प्रदान करने के लिए दुआएं फरमाई। इस मौके पर सदर रशीद पटेल, इस्माइल खान कुरेशी, अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा फारुख खान, राशिद खान चिन्ना, पूर्व सदर ताहिर पटेल आदि मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शहर के पुराना बस स्टैंड पर श्रद्धांजलि सभा में पहुंच कर सभा को भी संबोधित किया।

युवा कांग्रेस ने सदस्यता का पोस्टर एवं ऐप किया लॉन्च

27 अप्रैल से होंगे नामांकन: जिलाध्यक्ष

नर्मदापुरम (ईएमएस)।

युवक कांग्रेस के संगठन चुनाव का ऐलान हो चुका है। चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया व तारीखों के सम्बंध में जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष हुजैफा बोहरा ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का सदस्य बनने के लिए पोस्ट सहित ऐप भी लॉन्च किया गया।

पत्रकार वार्ता में युवक कांग्रेस चुनाव के राज्य समन्वयक आशीष चौहान भी शामिल हुए। श्री चौहान ने बताया कि संगठन के चुनाव निष्पक्षता, लोकतांत्रिक तरीके के साथ ही आधुनिक ऐप से होंगे। युकां के चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष व जिला कमेटी के सदस्य, विधानसभा कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष भी चुने जाएंगे। 27 अप्रेल से छह मई तक नामांकन किए जाएंगे। जिसमें 18 से 35 वर्ष की आयु वाले सदस्य किसी भी पद के लिए नामांकन कर सकते हैं। युवक कांग्रेस के ऐप से भी सदस्य भी बन सकते हैं। जिला अध्यक्ष हुजैफा बोहरा ने बताया कि सक्रिय और संघर्षशील नेतृत्व रखने वाले युवा इस प्रक्रिया के तहत विभिन्न पदों पर आयेंगे। युवा कांग्रेस के 5 वर्ष बाद पुनः चुनाव हो रहे हैं। 2020 में हुए चुनाव के माध्यम से गैर राजनीतिक परिवार से आकर पचमढ़ी से होकर मै जिला अध्यक्ष बना, जो लोकतंत्र प्रक्रिया का बड़ा उदाहरण हैं। इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष हुजैफा बोहरा, जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे, अजय सैनी, राजकुमार उपाध्याय, प्रदेश सचिव रोहन जैन, इटारसी नगराध्यक्ष मयूर जयसवाल, विधानसभा अध्यक्ष हर्ष कटकवार, गोल्डी बैंस, शाहरुख खान, फैजान उल्हक, गुलाम मुस्तफा, जितेंद्र सोलंकी, सौम्य दुबे, विक्रम आदित्य, प्रतीक मालवीय, आफरीद खान इत्यादि उपस्थित रहे।

आतंकवाद पर ठोस निर्णायक कार्यवाही करो नहीं तो गद्दी छोड़ो...

कांग्रेस ने आतंकवाद का पुतला फूंका, दिवंगत आत्माओं को दी श्रध्दांजलि

खरगोन, ईएमएस। पहलगांम में देश को दहलाने वाली आतंकी घटना के बाद चहुंओर आक्रोश व्याप्त है। देश के राजनैतिक, सामाजिक, व्यापारिक संगठनों के साथ ही आम नागरिक आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार ने पलटवार करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। गुरुवार को कांग्रेस ने भी आतंकवाद का पुतला दहन कर अपना आक्रोश दर्ज कराया। सुबह करीब 11 बजे श्रीकृष्ण टॉकिज तिराहे पर हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने कहा कि आतंकवाद पर ठोस निर्णायक कार्यवाही करो नही तो गद्दी छोड़ो। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर सरकार के साथ है। प्रदर्शन के दौरान आतंकी हमले में मारे गए 27 पर्यटको को मौन धारण कर श्रध्दांजली अर्पित की गई।

जिला हज कमेटी ने आयोजित किया टीकाकरण और प्रशिक्षण कैंप

बुरहानपुर, ईएमएस। हज 2025 के लिए जिला हज कमेटी के हज प्रभारी अधिवक्ता फरीद अहमद खान के नेतृत्व में जिला हज कमेटी के द्वारा जिले से जाने वाले 84 हाजियों का ट्रेनिंग और टीकाकरण कैंप दानिश स्कूल में आयोजित किया गया।

इस संबंध में हज 2025 के लिए प्रदेश हज कमिटी के द्वारा अधिवक्ता फरीद अहमद एडवोकेट को नियुक्त किया गया है, उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हज 2025 के लिए हज कमेटी की ओर से 84 हाजी सफर ए हज पर रवाना होंगे उनके लिए प्रशिक्षण कैंप और टीकाकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि शाही

जामा मस्जिद के मुतावली अनवर उल्लाह बुखारी के साथ सीनियर अधिवक्ता सईद अहमद खान की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया हाजी साहेबान को हज की बारीकियो की जानकारी दारुल उलूम शेख अली मुत्तकी के धार्मिक शिक्षक मौलाना नदीम साहब ने हाजियों को देकर उन्हें प्रशिक्षित किया गया वहीं महिला हाजियों के लिए महिला प्रशिक्षक के द्वारा उन्हें अन्य बारीकियां की जानकारी दी गई। इस कैंप में जहां हज पर जाने वाले हाजियों को प्रशिक्षण दिया गया वहीं सभी महिला पुरुष हाजियों का टीकाकरण भी किया गया हज 2025 के प्रभारी अधिवक्ता फरीद अहमद खान ने यह भी जानकारी देते हुए बताया की 84 हाजी हज कमेटी के द्वारा तथा 14 हाजी निजी टूर से भी हज 2025 के लिए रवाना होंगे निजी टूर से जाने वाले हाजियों के लिए भी अलग से ट्रेनिंग कैंप और टीकाकरण की व्यवस्था टूर्स की ओर से की जाएगी।

अग्रिम संपत्तिकर व जलकर की विशेष छूट का लाभ लेवें- महापौर

देवास। म.प्र. शासन, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा 1 अप्रेल 2025 से 30 जून 2025 तक अग्रीम रूप से संपत्तिकर व जलकर की राशि जमा करने वाले करदाताओं को 6 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ प्रदान करने के निर्देश जारी किये गये है। महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा शहर के भवन, भूमि के संपत्तिकर व जलकर दाताओं से अनूरोध किया गया है कि वे 30 जून 2025 तक अग्रीम रूप से संपत्तिकर, जलकर की राशि जमा कराकर 6 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ अवश्य लेवें।

बस्ती संपर्क अभियान के तहत जिलाध्यक्ष-विधायक पहुंचे घरों घर

देवास। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी सम्मान अभियान के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने पद्मश्री कालूराम बामनिया के टोंकखुर्द स्थित निवास पर पहुंचकर भाजपा की 25 अप्रैल को होने वाली गोष्ठी हेतु आमंत्रित किया। इसी प्रकार विधायक गायत्रीराजे पवार ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत डॉ. गिरीश मालवीय के निवास पर पहुंचकर सौहार्दपूर्ण मुलाकात की और अभियान से संबंधित विचार-विमर्श कर समर्थन प्राप्त करने हेतु संपर्क किया।

फटाफट खबरें

खाटू श्याम के द्वार पर भक्तों ने नवाया शीश

देवास। अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में गुरुवार को एकादशी पर हजारो भक्तों ने बाबा श्याम के द्वार पर शीश नवाया। शीश के दानी का अलौकिक दरबार, उज्जैन के फुलो द्वारा किया गया। खाटू श्याम का आलौकिक श्रृंगार व 56 भोग लगाकर भोग आरती की गई। तत्पश्चात श्याम प्रेमियो ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जो हमारे बीच नहीं रहे उन देशभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बाबा श्याम से प्रार्थना की कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे। गायक हरिओम उपाध्याय व महिला मंडल ने श्याम प्रभु का गुणगान किया। पं. श्याम शर्मा, प्रेम अग्रवाल, ओम प्रकाश बंसल, राजीव खंडेलवाल, हरि ओम उपाध्याय, नितिन बंसल, अर्जुन चौधरी सहित हजारो भक्तों ने लिया श्याम प्रभु का आशीर्वाद लिया।

कांग्रेस जनों ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

देवास। पहलगांव में आतंकवादियों ने कायराना गतिविधि को अंजाम देते हुए निर्दोष लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। शहर जिला कांग्रेस द्वारा शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी के नेतृत्व में सिविल लाइन चौराहा स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस जनों ने बुधवार को कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राजानी ने कहा कि आतंकवाद के खात्मे के लिए हम कृत संकल्पित है, हम केंद्र सरकार के साथ खड़े हुए हैं। इसी के साथ कहा कि आतंकवादीयो के साथ खून का बदला खून से लिया जाए, उन्होंने जो दुष्कृत किया है। इसकी जितनी सजा दी जाए कम है।

खो-खो प्रतियोगिता में मोहित व भरत का चयन

देवास। 68वी राष्ट्रीय शालेय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता के लिए नारायण क्रीड़ा मंडल के मोहित ठाकुर और भरत खेर का चयन 31 अप्रैल से 4 मई तक दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता में हुआ। दोनो खिलाडी मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर खेल गुरु राधेश्याम सोलंकी, पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, नारायण क्रीड़ा मंडल अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते, सरस्वती विद्या मंदिर विजय नगर के प्राचार्य महेंद्रसिंह सिसोदिया, प्रवीण सांगते, यशवंत डगोरा, भरत वर्मा, विष्णु शिवहरे, अमन श्रीवास, विजय मकवाना आदि ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

चलती कार में लगी आग

देवास। भोपाल बायपास ब्रिज पर बुधवार रात चलती कार में अचानक आग लग गई। आग लगते ही कार अंदर से लॉक हो गई जिससे कार चालक कृष्णकांत पटेल अंदर फंस गए। लोगों ने तत्काल कार का शीशा तोडक़र उन्हें बाहर निकाला। घटना में कृष्णकांत बुरी तरह झुलस गया, जिन्हें इलाज के लिए इंदौर रेफर कर दिया गया। दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई लेकिन कार पूरी तरह जल गई।

अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण जिलेभर में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल जारी, आज सौंपेंगे ज्ञापन

सीहोर, ईएमएस। शहर के बस स्टैंड के समीपस्थ टाउन हाल में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल चौथे दिन भी जारी है। कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन के तहत भीषण गर्मी में भी अपनी मांगों को लेकर डटे हुए है। शुक्रवार को विधायक कार्यालय में दोपहर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। गुरुवार को संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ को प्रदेश संयोजक विजय टक्कर और आरबीएसके के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. लोकेश दबे आदि के नेतृत्व में हड़ताल के पहले आतंकवाद की घटना में मृतकों को श्रद्धांजली अर्पित की गई और इस हमले की निंदा की।

कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा और सामान्य प्रशासन विभाग की संविदा नीति 2023 के अनुसार एनएचएम कर्मचारियों को लाभ नहीं मिल रहा है। उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी। अपनी मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण जिलेभर में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित हुई। हड़ताल के चलते जिले के 162 हैल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर पर ग्रामीण जनों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल सकी। इसी तरह जिले के 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित 3 सिविल अस्पतालों एवं जिला चिकित्सालय में भी स्वास्थ संवाएं प्रभावित हुई। जिला अस्पताल और सिविल अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई, तब जाकर मरीजों को उपचार मिल सका, लेकिन आने वाले दिनों में यह व्यवस्था और ज्यादा बिगड़ सकती है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। सुबह 10 बजे जिलेभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी टाउन हाल के बाहर धरने पर बैठे और आंदोलन की रणनीति बनाई। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अंबर मालवीय ने बताया कि विभाग में 50 प्रतिशत पद संविदा से संविलियन किया जाकर नियमितिकरण का प्रावधान व अनुबंध प्रथा की पूरी तरह से समाप्ति कर दी। ईएल एवं चिकित्सयीय अवकाश दिया जाना, ग्रेच्युगटी एवं डीए की सुविधा संविदा कर्मचारियों पर लागू किया जाना, शासन द्वार विभिन्नी पदों हेतु वेतन विसंगति में सुधार किया जाना, निष्कासित सपोर्ट स्टाफ एवं एमपीडब्ल्यू की एनएचएम में वापसी तथा सेवानिवृत्ति आयु को बढ़ाए जाने सहित अनेक मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही है।

शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की 11वीं प्रस्तुति एक मई को

मैहर। मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 11वीं प्रस्तुति 1 मई गुरुवार को शासकीय संगीत महाविद्यालय परिसर' में सायं 7 बजे से 9 बजे तक संपन्न होगी। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुती दे सकेंगे। साथ में अटाला आर्ट के तहत घर की अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित कलाकृति की प्रदर्शनी भी शासकीय संगीत कॉलेज परिसर' में लगाई जाएगी। कलाकार अपने आवेदन बायोडाटा के साथ दिनांक 25 अप्रैल तक संगीत महाविद्यालय मैहर में प्रभारी अनिल कुमार जायसवाल' सहायक व्याख्याता के पास जमा कर सकते हैं। जिन कलाकारों की प्रस्तुतियां हो चुकी हैं वह 1 वर्ष के पश्चात ही आवेदन करने के पात्र होंगे। मैहर घराने को जीवंत बनाने एवं विद्या की देवी माँ शारदा की नगरी को संगीत मय बनाने हेतु उक्त शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह की 01 तारीख को किया जा रहा है। शास्त्रीय संगीत के इस नियमित मासिक कार्यक्रम के अवसर पर नवोदित कलाकारों के उत्साह वर्धन हेतु कलाप्रेमी रसिक जन इष्ट मित्रों के साथ आमंत्रित किया गया है।

आतंकी हमले के विरोध में निकाली मौन रैली

देवास, ईएमएस। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार शाम देवास नगर में सर्व समाज के आह्वान पर एक मौन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ सयाजी द्वार से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जवाहर चौक तक पहुँची। मौन रैली में बड़ी संख्या में नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों ने सहभागिता की। रैली जैसे-जैसे नगर के विभिन्न मार्गों से आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान छोड़कर रैली में सहभागिता की। शहर के बाजारों में स्वतः स्फूर्त जनसमूह उमड़ पड़ा और लोगों ने रास्ते में खड़े होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली पूर्णतः शांतिपूर्ण रही और पूरे मार्ग में आतंकवाद के खिलाफ जनभावनाएँ मुखर रूप से दिखाई दीं। रैली में सकल हिंदू समाज के साथ ही शहर के जनप्रतिनिधि और विशिष्टिजन भी शामिल हुए। रैली के समापन पर जवाहर चौक पर उपस्थित जनसमूह ने पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष हिंदू पर्यटकों को मौन श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम बिहारी सिंह को सौंपा गया, जिसमें जम्मू-कश्मीर में व्याप्त असुरक्षा को देखते हुए तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने, मारे गए यात्रियों के परिजनों को समुचित मुआवजा देने, दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने तथा आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की सुरक्षा हेतु विशेष बलों की तैनाती करने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि देशभर में योजनाबद्ध तरीके से हो रहे हिंदुओं पर हमलों के विरुद्ध केंद्र सरकार को कठोर कार्यवाही करनी चाहिए।

सीवर लाइन बना जी का जंजाल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

मैहर, ईएमएस। मांता शारदा की नगरी मैहर इन दिनों विकास की आड़ में विनाश की ओर अग्रसर होती प्रतीत हो रही है। नगर की गलियों में धूल के गुबार, टूटे फुटपाथ, उखड़ी सड़कें और गड्ढों में समाते लोग ये दृश्य अब आम हो गए हैं। कारण है मैहर में चल रहा बहुप्रतीक्षित सीवर लाइन प्रोजेक्ट जो अब जनजीवन के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरूवार को मैहर पहुंचे तब नगर पालिका की पेयजल एवं सिवेज की सभापति रामलली दुबे के मार्गदर्शन पर पवन दुबे ने स्वागत करने के साथ साथ एक करुणा पूर्ण याचना भी उनके समक्ष रखी। याचना में मैहर के नागरिकों की जान की सुरक्षा थी। सभापति द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि गुजरात की एलसी इंफ्रा कंपनी द्वारा चलाए जा रहे सीवर प्रोजेक्ट में सुरक्षा मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अब तक इस प्रोजेक्ट के चलते तीन मासूम नागरिकों की मौत हो चुकी है जिनमें एक 8 वर्षीय बालक, एक 36 वर्षीय युवक और एक 55 वर्षीय अधेड़ शामिल हैं। इसके अलावा सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं और दर्जनों गोवंश अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। मैहर की सांसें धूल में घुट रही है। सभापति ने इस बात पर भी चिंता जताई कि इस प्रोजेक्ट के कारण पूरे नगर में धूल का वातावरण फैला हुआ है जिससे श्वास नली के संक्रमण और अन्य बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

नवागत पुलिस अधीक्षक सोनी ने पदभार संभाला

गुना। जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। उन्हें पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला गुना का कार्यभार सौंपा गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक श्री सोनी द्वारा श्री हनुमान टेकरी मंदिर पहुंचकर दर्शन किये गये। पदभार संभालते ही पुलिस अधीक्षक श्री सोनी द्वारा अपनी निम्न प्रमुख प्राथमिकताएं बताई गई। सामुदायिक पुलिसिंग - जनता को पुलिस से जाड़कर एवं पुलिस को जनता से जोड़कर दोंनों के बीच आपसी सहयोग स्थापित कर अपराधों पर नियंत्रण, पुलिस संबंधी समस्याओं का समाधान एवं वेहतर कानून व्यवस्था बनाकर रखने का प्रयास किया जायेगा। अपराध नियंत्रण - संपत्ति संबंधी अपराधों जैसे चोरी, लूट, डकैती के मामलों को गंभीरता से लेकर कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा विभिन्न अनैतिक अथवा अवैध गतिविधियों जैसे जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय, भूमाफियाओं आदि पर प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। महिला सुरक्षा प्राथमिकता रहेगी एवं महिला संबंधी अपराधों को संवेदनशीलता से लेकर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

करैरा विधायक ने कहा- हमारी सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है

शिवपुरी में लगा रोजगार मेला, 238 अभ्यर्थियों का हुआ प्राथमिक चयन

शिवपुरी, ईएमएस। मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र और शासकीय आईटीआई संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को शासकीय आईटीआई शिवपुरी में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में विधायक करैरा रमेश खटीक, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन द्वारा कार्यक्रम में अभ्यर्थियों को संबोधित किया गया एवं मेले का निरीक्षण किया गया।

करैरा विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए लगातार कदम उठा रही है। यह रोजगार मेले जिले के युवाओं के लिए लाभकारी भी साबित हो रहे हैं। युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला में जिले के कई युवाओं का चयन हुआ है।

रोजगार मेले में कुल 334 अभ्यर्थियों ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन पंजीयन कराया। विभिन्न निजी क्षेत्र की 14 कंपनियां में 238 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया एवं 11 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप के लिए चयन हुआ।जिसमें भगवती प्रोडक्ट्स लिमिटेड नोएडा-27, टेक्नीको इंडस्ट्रीज गुजरात -43, आमधाने कंसल्टेंसी - 5, फोनपे - 24, एल आई सी - 14, एस बी आई इंश्योरेंस -20, इंडसइंड बैंक - 16, एचडीबी फाइनेंस - 5, एचडीएफसी -6, आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस - 15, शिवम् फैसिलिटी, देवास- 13, चेकमेट सर्विसेज अहमदाबाद -22, ईगल सिक्योरिटी एवं गुरुकृपा कंसल्टेंट - 19,आयशर अकादमी में 9 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है।

नगर पालिका ने चलाई अतिक्रमण की मुहिम

सिरोंज, ईएमएस। नगर में बढ़ती अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका के अमले ने बुधवार को शहर के अनेक इलाकों में अवैध तरीके से अतिक्रमण कर व्यापार कर रहे तथा सड़को पर जाम की स्थिति बनाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की।

नपा ,एवं पुलिस ,के संयुक्त दल के रूप में नपा प्रांगण से यह अभियान शुरु होकर यह अतिक्रमण विरोधी अमले ने काहरा बाजार से शुरुआत की यहा यह उल्लेखनीय हे कि गत दिवस सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा नगर वासियों की जाम की शिकायतों पर स्वयं थाना सिरोंज से स्थानीय प्रशासन के अधिकारीयो के साथ बाजार भ्रमण पर निकले थे ओर उन्होंने दुकानदारों को अपनी दुकानो के सामने से अतिक्रमण सवय हटाने को कहा था ।इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई थी । आज स्थानीय प्रशासन ने यह कदम उठाया ।इस दौरान नपा कार्यालय के बगल में कब्रिस्तान की दिवाल से सटकर अवैध रूप से चाय, गन्ने ,फल ,के खड़े होने वाले ठेलो से समान की जप्ति सहित की। इसके बाद यह नपा का अमला काला बाजार होता हुआ नगर के सबसे व्यस्तम एरिया पटवाटोला एवं भूतेश्वर पथ स्थित बाजार में पहुंचा।

डिप्टी कलेक्टर ने ली कर्मचारी की समीक्षा बैठक

गुना। नगरपालिका परिषद गुना में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री द्वारा आज सभी अधिकारी /कर्मचारियों की बैठक ली गई। बैठक में मंजूषा खत्री ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा सभी को अपने कर्तव्य का पालन निष्ठापूर्ण करने के लिये निर्देश दिये। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री द्वारा सभी कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्व पूरी निष्ठा से निर्वहन करने व आमजन से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने एवं कोई भी समस्या होने पर व्यक्तिगत रूप से संपर्क के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता शहर की स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करना तथा राजस्व वसूली को बढ़ाना है, इसके अतिरिक्त कार्यालयीन व्यवस्थाओं को भी व्यवस्थित करना एवं शासन जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलवाना है। उन्होंने कहा कि अभी तक जो हुआ उससे सबक लेकर हमें आगे अच्छी तरह से शहर हित में कार्य करना हैं।

किसानों का आरोप, मंडी में गंदगी का साम्राज्य

सीहोर, ईएमएस। लंबे समय से शहर के कृषि उपज मंडी में साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण अन्नदाता किसान परेशान है। यहां पर पानी की टंकी में गंदगी व्याप्त होने के कारण किसान बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान है। किसानों का आरोप है कि भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था नहीं होने के कारण बाजार से पानी लाने को विवश होना पड़ रहा है।

इसको लेकर जनहित मोर्चा की ओर से रोलूखेड़ा निवासी विष्णु परमार ने बताया कि यहां पर किसानों के लिए बनाई गई पानी की टंकी में गंदगी व्याप्त है, जिससे किसानों अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा यहां पर पार्क की दुर्दशा है। इसको लेकर किसान दुर्गा प्रसाद, राय सिंह, महेन्द्र पटेल, भगवान सिंह और सुरेश ने जिला प्रशासन से किसानों के लिए गर्मी के दिनों में ठंडे पानी की व्यवस्था कराने के साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की है।

आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, माधव चौक पर कैंडल मार्च निकाला

आतंकवाद का पुतला जलाया, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे

शिवपुरी, ईएमएस। शिवपुरी में कांग्रेस ने गुरुवार को आतंकवाद का पुतला जलाया है और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों की याद में शहर के माधव चौक पर केंडल मार्च निकाला। कार्यक्रम में आतंकी घटना की निंदा करते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे कायराना हरकत बताया गया और दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

मोर्चा संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए: शिवपुरी में इस प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस प्रभारी और जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, सह प्रभारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह कुशवाहा, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा, पूर्व नगर पालिका के उपाध्यक्ष एपीएस चौहान, पूर्व विधायक गणेशराम गौतम, वीरेंद्र रघुवंशी और प्रागीलाल जाटव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकुमार सिंह यादव, भारत सिंह रावत, मोहित अग्रवाल, अनिल कुमार शर्मा, राजकुमार सिंह यादव बदरवास, राजू गुर्जर, अशोक शर्मा कोलारस, रामू यादव दिनारा, लक्ष्मण रावत, मनोज लाला, मानसिंह फौजी आदि कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल सहित कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति विभाग के सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शहर काजी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और शांति, सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

जिलाध्यक्ष ने साधा निशाना: जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने कहा कि बार-बार हो रहे आतंकी हमले देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने केंद्र की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए अब सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

पूजा अर्चना बाद निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

मैहर। भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम का जन्मोत्सव बड़ा अखाड़ा में 30 अप्रैल बुधवार को सुबह 9 बजे पूजा अर्चणा के साथ मनाया जाएगा। इस संदर्भ में विप्रजनों की आवश्यक बैठक बड़ा अखाड़ा के पूज्य संत सीताबल्लभ शरण जू महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की पूजा अर्चना सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक होगी। तदुपरांत विप्र संगोष्ठी एवं सायं 5 बजे से भव्य शोभायात्रा बड़ा अखाड़ा से लेकर चंडीदेवी मंदिर तक निकाली जाएगी। वहां संतो एवं समाज सेवियों का सम्मान एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष देवेंद्र पांडेय, कैलाश द्विवेदी एवं पहलाद परोहा सहित काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

त्रिकोणीय सिरीज के लिए श्रीलंकाई महिला टीम घोषित

कोलंबो (ईएमएस)। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली आगामी त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज के लिए चमारी अटापट्टू की कप्तानी में 17 सदस्यीय महिला क्रिकेट टीम घोषित कर हैं। इस टीम में कई बदलाव किये गये हैं और तेज गेंदबाज मल्की मदारा को पहली बार शामिल किया गया है।

बुमराह टी20 में 300 विकेट पूरे करने वाले 33 वें गेंदबाज

मुम्बई (ईएमएस)। मुम्बई इंडियंस के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में एक विकेट लेने के साथ ही टी20 क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे किये हालांकि, 300 विकेट पूरे करने के बाद भी बुमराह इस सूची में शीर्ष 10 में भी जगह नहीं बना पाये हैं। बुमराह 33वें स्थान पर हैं।

सीएसके और सनराइजर्स के बीच मुकाबला आज

हारने वाली टीम प्लेऑफ की दौड़ से होगी बाहर, शाम 7:30 बजे से होगा मैच

चेन्नई (ईएमएस)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां आईपीएल मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। दोनो ही टीमों केलिए ये मैच बेहद अहम है। इसमें जो भी हारेगी वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। सनराइजर्स और सीएसके का प्रदर्शन इस आईपीएल सत्र में बेहद खराब रहा है। दोनो ही टीमें दो-दो मैच जीती है और आईपीएल अंक तालिका में अंतिम दो स्थानों पर हैं। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाएं बनाये रखनी हैं तो अपने बचे हुए सभी मैच जीतने होंगे।

सीएसके की टीम अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि अब तक उसके बल्लेबाज और गेंदबाज घरेलू विकेट का लाभ नहीं उठा पाये हैं। सीएसके ने स्पिनर नूर अहमद की गेंदबाजी के बल पर पहले ही मैच में मुंबई इंडियंस को हराकर जीत के साथ अच्छी शुरुआत की थी पर इसके बाद उसकी टीम को अपने घरेलू मैदान पर तीन बार हार झेलनी पड़ी थी। इसी कारण उसके कोच ने भी पिच की आलोचना की थी। यहां का विकेट स्पिनरों के लिए सहायक रहा है पर इस बार यहां तेज गेंदबाजों को सहायता मिल रही है जिससे बल्लेबाजों को रनों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। टीम को बाहर के मैदानों पर भी परेशानी का सामना करना पड़ा है। उसे दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच में ही जीत मिली है। इस कारण बल्लेबाजों और गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन बताया जा रहा है। नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड के चोटिल होने के कारण बाहर होने से भी उसकी मुश्किलें बढ़ी हैं।

वहीं अब टीम की कप्तानी संभाल रहे महेंद्र सिंह धोनी किस प्रकार टीम को आगे ले जाते हैं ये देखना होगा। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के अहम क्षणों में लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई के लिए 17 साल के आयुष म्हात्रे पर भी सभी की नजरें रहेंगी । इस युवा बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाजी की थी।

सीएसके ने बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्डब्रेविस को भी अपनी टीम में शामिल किया है। दूसरी ओर सनराइजर्स की हालत भी सही नहीं है। टीम की ताकत बल्लेबाजी मानी जाती है पर उसी में टीम इस बार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। टीम की गेंदबाजी भी प्रभावहीन है। पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले ट्रैविस हेड का बल्ला इस बार खामोश है। अभिषेक शर्मा ने अब तक अच्छी बल्लेबाल की है और एक मैच में 141 रन भी बनाये थे पर वह हर मैच में रन नहीं बना सकते। मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने भी स्वीकार किया है कि उनके मध्यक्र के बल्लेबाज साझेदारी बनाने में असफल रहे हैं। इसके अलावा गेंदबाजा भी विरोधी टीम पर अंकुश नहीं लगा पाये हैं। ऐसे में ये मुकाबला करीबी हो सकता है। सीएसके की बल्लेबाज रचिन रवींद्र, शिवम दुबे और कप्तान धोनी पर अधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान मुकेश कुमार वह स्पिनर आर अश्विन के पास रहेगी। सनराइजर्स की बल्लेबाजी हेड और अभिषेक के अलावा हेनरिक क्लासेन पर आधारित है।

वेतन के मामले में युवराज से पीछे हैं अभिषेक

नई दिल्ली (ईएमएस)। युवा आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आजकल चर्चाओं में बने हुए हैं। आईपीएल के इस सत्र में उन्होंने 141 रनों की तूफानी पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा है। आक्रामक अंदाज के कारण उनकी तुलना पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह से भी होती है। इसका एक कारण ये है कि युवराज उनके गुरु भी हैं। अभिषेक ने दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए 2018 सत्र में डेब्यू किया था। इन पांच साल में इस क्रिकेटर ने 1600 से अधिक रन बनाये हैं। इस सत्र के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने अभिषेक को 14 करोड रुपये में रिटेन किया था पर इसके बाद भी वह वेतन के मामले में युवराज से पीछे हैं। युवराज ने साल 2008 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए आईकॉन खिलाड़ी के तौर पर शुरुआत की थी पर उन्हें सबसे अधिक राशि 2015 सीजन में दिल्ली डेयरडेविल्स की ओर से 16 करोड़ रुपये मिली थी। युवराज 2019 तक आईपीएल में खेले। युवराज को आठवें सत्र में 16 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं अभिषेक भी अपना आठवां आईपीएल सीजन खेल रहे हैं पर उन्हें 14 करोड़ रुपये ही मिले हैं। अब तक के आठ आठ सत्र की तुलना करें तो उन्हें युवराज से 2 करोड़ रुपये कम मिले हैं।

भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे में इन खिलाड़ियों को मिल सकता है अवसर

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति आगामी इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए अगले महीने की शुरूआत में टीम घोषित कर सकती है। इसके अलावा इंग्लैंड लायंस से मुकाबले के लिए भारत ए टीम भी घोषित की जाएगी। इसी को देखते हुए बीसीसीसी टीम में मध्यक्रम में कुछ अच्छे खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है। अभी मध्यक्रम में दो स्थान ऐसे हैं जिसके लिए चयनसमिति युवाओं को अवसर दे सकती है। इन दो स्थानों के लिए अभी तकरीबन 6 दावेदार है। इंग्लैंड दौरे के खिलाफ 5 टेस्ट मैच के लिए टीम में 15 या 16 खिलाड़ियों जगह दी जा सकती है। इस दौरे के समय भारत की ए टीम भी इंग्लैंड में रहेगी और ऐसे में मुख्य टीम की जरूरत के मुताबिक ए टीम के खिलाड़ी भी उसमें शामिल किये जा सकते हैं। इसी को देखते हुए राष्ट्रीय चयन समिति इस बार घरेलू सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों पर भी नजर बनाए हुए हैं। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा और अगस्त के पहले सप्ताह में समाप्त होगा। इसमें रजत पाटीदार, बी साई सुदर्शन, करुण नायर, सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल पर नजरें रहेंगी।

रजत पाटीदार : रजत पाटीदार के पास तकनीक और मैदान के चारों ओर सहजता से शॉट खेलने की शानदार क्षमता है। आईपीएल में वह आरसीबी की कप्तानी कर रहे हैं। रणजी के अलावा अन्य घरेलू टूर्नामेंटों में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। रजत एक अच्छे बल्लेबाज के तौर पर उभरे हैं जो टिककर खेलते हैं।

बी साई सुदर्शन : साई सुदर्शन लाल गेंद के क्रिकेट में भी एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो लंबी रेस के घोड़े हैं। वह आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए पहले ही 400 से अधिक रन बनाकर अपने को साबित हो चुके हैं। चयनकर्ताओं की नजर इस खब्बू बल्लेबाज पर इसलिए भी होगी क्योंकि उनकी तकनीक अच्छी है और चोटिल होने से पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भारत ए के लिए भी अच्छा प्रदर्शन किया था। उनकी सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह पारी की शुरुआत करने के साथ ही टीम की जरूरत के हिसाब से मध्यक्रम में भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। वे लंबे समय तक खेलने वाले खिलाड़ी हैं और 23 साल की उम्र में वे बड़ी चुनौती के लिए तैयार दिख रहे हैं।

करुण नायर : टेस्ट में भारत के लिए तिहरा शतक जड़ने वाले केवल दूसरे बल्लेबाज नायर ने मध्यक्रम में अपनी लय खो दी थी पर विदर्भ के साथ जुड़ने के बाद वह फॉर्म में शानदार तरीके से वापसी करने में सफल रहे। घरेलू सत्र उनके लिए स्वप्निल रहा, जिसमें उन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों में 850 से अधिक रन बनाए। इसके अलावा आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा रहा है।

देवदत्त पडिक्कल : देवदत्त पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में पहले मैच में टेस्ट पदार्पण करने का मौका मिला। पडिक्कल ने दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के साथ एक प्रभावशाली साझेदारी के दौरान अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई।

रोहित को अर्धशतकीय पारी के लिए मिला विशेष अवार्ड

मुम्बई (ईएमएस)। मुम्बई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी के लिए विशेष इनाम मिला है। इस मैच में रोहित की 70 रनों की पारी से मुम्बई इंडियंस को इस मैच में शानदार जीत मिली जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। रोहित ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाया था। इस प्रकार लगातार दो मैचों में जीत में उनकी भूमिका रही है। इसी कारण टीम कके ड्रेसिंग रूम में उन्हें विशेष अवार्ड दिया गया।

अय्यर और ईशान को केंद्रीय अनुबंध मिलना खुशी की बात

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को केन्द्रीय अनुबंध दिया जाना खुशी की बात है। पिछले साल घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण इन दोनो को केन्द्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था। वहीं अब उन्हें एक बार फिर 2024/25 सत्र के लिए शामिल कर लिया गया है।

फटाफट खबरें

नाबार्ड ने एग्री-फिनटेक कंपनी में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की

नई दिल्ली (ईएमएस)। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने एग्री फिनटेक स्टार्टअप 24म7 मनीवर्क्स कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। नाबार्ड ने कहा कि यह स्टार्टअप में नाबार्ड का पहला निवेश है, जो ग्रामीण भारत में डिजिटल परिवर्तन के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। 24म7 मनीवर्क्स कंसल्टिंग का प्रमुख प्लेटफॉर्म, ईकिसान क्रेडिट (ईकेसीसी), सहकारी बैंकों, पीएसीएस और आरआरबी के लिए डिजाइन किया गया एक पूरी तरह से डिजिटल ऋण प्रणाली है। ईकेसीसी प्लेटफॉर्म -भूमि रिकॉर्ड, आधार, ईकेवाईसी, कोर बैंकिंग सिस्टम और ई-पैक्स के साथ सहजता से एकीकृत होता है, जिससे ग्रामीण ऋण जीवनच का स्वचालन संभव होता है। नाबार्ड ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में, ईकेसीसी को विभिन्न बैंकों में प्रायोगिक आधार पर चलाया गया है और यह प्रणाली अब राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन के लिए तैयार है।

एलआईसी के नए प्रीमियम संग्रह में पांच प्रतिशत की मामूली वृद्धि

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का नए कारोबार से प्रीमियम संग्रह मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान 5.1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 3.97 लाख करोड़ रुपये रहा। जीवन बीमा परिषद के आंकड़ों के अनुसार उद्योग ने इससे पिछले वित्त वर्ष में नए प्रीमियम के रूप में 3.77 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। व्यक्ति गत नए कारोबार प्रीमियम में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.49 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.66 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में नए कारोबार प्रीमियम के रूप में कुल 2.26 लाख करोड़ रुपये जुटाए, जिसमें व्यक्ति गत नए कारोबार से मिले 62,404.58 करोड़ रुपये शामिल है। वित्त वर्ष 2024-25 में एलआईसी ने 1.78 करोड़ नई पॉलिसी बेचीं।

सेंसेक्स 315 अंक, निफ्टी 82.25 अंक नीचे आया

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई (ईएमएस)।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे बाजार में पिछले सात दिन से जारी तेजी रुक गई। आज कारोबार के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर और अन्य एफएमसीजी शेयरों के अलावा आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 315.06 अंक करीब 0.39 फीसदी नीचे आकर 79,801.43 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (हस्ध्र) का नि?टी भी अंत में 82.25 तकरीबन 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ ही 24,246.70 अंक पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी रही, जिसमें डॉव जोन्स 1.07 फीसदी बढ़कर 39,606.57 पर, एसएंडपी 500 1.67 फीसदी ऊपर आकर 5,375.86 पर और नैस्डैक कंपोजिट 2.50 फीसदी बढ़कर 16,708.05 पर बंद हुआ। एसपी 500 से जुड़े फ्यूचर्स में मामूली 0.08 फीसदी की तेजी आई। नैस्डैक 100 फ्यूचर्स स्थिर रहा, जबकि डॉव जोन्स फ्यूचर्स में 0.15 फीसदी की गिरावट रही।

वहीं एशियाई बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। जापान का निक्केई 225 0.89 फीसदी उछला, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.41 फीसदी गिरा तथा ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.59 फीसदी बढ़ा। हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.1 फीसदी गिरा और मेनलैंड चीन का सीएसआई 300 मामूली रूप से 0.16 फीसदी नीचे आया। इससे पहले आज सुबह बाजार लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में ऑटो, मेटल और रियलिटी सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह सेंसेक्स 221.03 अंक की गिरावट के साथ 79,895.46 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 75.55 अंक की गिरावट के साथ 24,253.40 पर था। निफ्टी बैंक 152.60 अंक की गिरावट के साथ 5,217.45 पर था।

रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.30 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी विदेशी मुद्रा बाजार में आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 22 पैसे टूटकर 85.67 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी डॉलर सूचकांक अपने हाल के निचले स्तर 97.92 से बढ़कर 99.94 पर पहुंच गया। इसका कारण अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने के संकेत हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.60 पर खुला और बाद में 85.67 पर आ गया। यह पिछले बंद भाव 85.45 रुपये के मुकाबले 22 पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया 26 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.45 पर बंद हुआ था।

आरबीआई ने 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को बैंक में खाता खोलने दी परमिशन

» इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड आदि बैंकिंग सुविधाएं भी मिलेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)।

भारती रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिगों को स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नाबालिगों के जमा खाते खोलने और संचालन के संबंध में संशोधित निर्देश जारी किए हैं।

आरबीआई ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को संबोधित एक परिपत्र में कहा कि किसी भी उम्र के नाबालिगों को अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को अपनी मां को अभिभावक बनाकर ऐसे खाते खोलने की भी अनुमति दी जा सकती है। परिपत्र में कहा गया है- जिन नाबालिगों की आयु सीमा 10 वर्ष से कम नहीं है और बैंकों द्वारा उनकी जोखिम प्रबंधन नीति को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई राशि और शर्तों तक, उन्हें स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है, यदि वे ऐसा करना चाहते हैं, और ऐसी शर्तों को खाताधारक को विधिवत रूप से सूचित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, वयस्क होने पर खाताधारक के नए संचालन निर्देश और नमूना हस्ताक्षर प्राप्त किए जाने चाहिए और उन्हें रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए।

परिपत्र में कहा गया- बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति, उत्पाद उपयुक्तता और ग्राहक उपयुक्तता के आधार पर नाबालिग खाताधारकों को इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड, चेक बुक सुविधा आदि जैसी अतिरिक्त बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्वतंत्र हैं। बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नाबालिगों के खाते, चाहे वे स्वतंत्र रूप से या अभिभावक के माध्यम से संचालित हों, से अधिक निकासी की अनुमति नहीं दी जाए और ये हमेशा क्रेडिट बैलेंस में रहें।

अब शरबत बनाना भी महंगा नींबू 7 रुपए में बिक रहा

» पानी की कमी ने किसानों के स्थानीय कृषि को पूरी तरह से प्रभावित किया

बीड (ईएमएस)। नींबू के उच्च दाम ने बीड शहर को अपने भार से दबा दिया है। इस समय बाजार में नींबू के दाम आसमान छू रहे हैं. कुछ महीने पहले 2 रुपये में मिलने वाला एक नींबू अब बीड शहर के कुछ हिस्सों में सीधे 7 रुपये तक बिक रहा हि। क हुई इस मूल्यवृद्धि से आम ग्राहक परेशान हैं। गर्मियों में जहां लोग नींबू के शरबत से राहत पाने की उम्मीद करते हैं, वहीं कुएं और बोरवेलों में पानी की कमी ने किसानों के पेड़ों को सूखने की संभावना बढ़ा दी है। इसके नतीजे में नींबू की आपूर्ति में कमी ने दामों को चौका दिया है। बीड जिले के कई किसानों ने इस साल उत्पादन में कमी की शिकायत की है, जिससे नींबू के मूल्य में अचानक वृद्धि हुई है। नक्कारापन या आलस्य नहीं, बल्कि पानी की कमी ने किसानों के स्थानीय कृषि को पूरी तरह से प्रभावित किया है। अब नींबू उपभोक्ता के लिए एक महंगा खेती का विकल्प बन चुका है, जिससे उन्हें अपनी गर्मियों की ठंडक के लिए महंगे किमीउंन के सामने खर्च करना पड़ रहा है। नींबू के उच्च दामों के साथ-साथ, छोटे व्यापारियों को भी इस असामान्य वृद्धि से प्रभावित होना पड़ रहा है। उच्च दामों के कारण, व्यापारी भी ग्राहकों को महंगे दामों पर नींबू उपलब्ध कराने में मुश्किलें झेल रहे हैं, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को चलाने में कठिनाई हो रही है। सभी इन तथ्यों को मध्यंतर में देखते हुए, सरकार को इस सामाजिक और आर्थिक संकट का संज्ञान लेकर हर संभावित प्रयास करने की आवश्यकता है।

उचित नीतियों और योजनाओं के माध्यम से पानी की संभावित कमी को दूर करने और किसानों को उनके मेहनत का मुयायन करने में सरकार की मदद की जरूरत है।

क्रेडिफिन लिमिटेड ने इक्विटी और ऋण के मिश्रण के रूप में 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए

नई दिल्ली (ईएमएस)।

क्रेडिफिन लिमिटेड (पहले पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड), भारत के मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध, एनबीएफसी है। इसका मुख्यालय जालंधर और इसका कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली-एनसीआर में है। कंपनी ने घोषणा की है कि उसने इक्विटी और ऋ्ण के रूप में 24.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 213.6 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। इसमें लगभग 6.7फीसदी इक्विटी और 93.3फीसदी ऋ्ण शामिल है। इस पैसे का इस्तेमाल कंपनी द्वारा अपने परिचालन वाले क्षेत्रों में देखी जा रही जोरदार वृद्धि को निधि देने के लिए किया जाएगा।

क्रेडिफिन एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो जमा स्वीकार नहीं करती और 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत है। कंपनी अचल संपत्ति के बदले बंधक ऋ्ण (संपत्ति के बदले ऋ्ण या एलएपी) और ई-वाहनों को वित्तपोषण प्रदान करती है, मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी - दुपहिया वाहन। क्रेडिफिन ने पिछले 4 वर्षों में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज करते हुए विकास की गति को तेज कर दिया है। यह मौजूदा कार्यालयों को मजबूत कर रहा है, तेजी से नए भौगोलिक क्षेत्र खोल रहा है और पारंपरिक ऋ्ण चैनलों से पीछे छूट गए लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए उत्पाद पेश कर रहा है। क्रेडिफिन लिमिटेड देश के वित्तीय समावेशन के दृष्टिकोण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और श्रृंखला में निचले खंड को व्यवहार्य वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है और ऐसे व्यवहार्य वित्तीय समाधान लेकर आ रहा है जो प्रभाव डालते हैं। लगातार बढ़ते उत्पाद पोर्टफोलियो की जरूरतों के लिए धन की आवश्यकता निरंतर होगी और इसे पूर्ण करने के लिए, कंपनी ने इक्विटी और ऋण के रूप में 213 करोड़ रुपये से अधिक सफलता पूर्वक जुटाए हैं। ऋण मौजूदा कर्जदाताओं, नए कर्जदाताओं को शामिल करके और अन्य साधनों से जुटाया गया है। कुछ नए कर्जदाताओं में नॉर्दर्न आर्क कैपिटल, ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक, आई सी आई सी आई बैंक, किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेज, इलेक्ट्रॉनिका फाइनेंस लिमिटेड और मानवीय डेवलपमेंट एंड फाइनेंस शामिल हैं।

क्रेडिफिन लिमिटेड के सीईओ शल्य गुप्ता कहते हैं, हमारे मौजूदा ऋ्णदाताओं ने हमारी पेशकशों में फिर से विश्वास जताया है और हमारी ताकत का स्तंभ बने हुए हैं। इसके अलावा, इस साल नए ऋणदाताओं में उद्योग के जाने-माने लोग शामिल हैं और हम भाग्यशाली हैं कि वे क्रेडिफिन क्रांति को आगे बढ़ाने, भारत के निर्माण और वंचित समुदायों की सेवा करने में हमारे साथ भागीदारी कर रहे हैं।

अटारी-वाघा सीमा बंद, भारत-पाकिस्तान कारोबार होगा प्रभावित

नई दिल्ली (ईएमएस)। पहलगाम में 23 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने अटारी-वाघा सीमा को बंद कर दिया है। इसके साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं। यह न केवल व्यापार को धड़ल्ले से फिर से ठप कर देगा, बल्कि भारत-पाक संबंधों में भी नए बदलाव की आशंका को जगाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से व्यापार का इतिहास उतार-चढ़ावों से भरा है। कम से कम पांच वर्षों में व्यापार में गिरावट के बाद, 2023-24 में 3886 करोड़ रुपये का व्यापार दर्ज किया गया। माल आवाजाही में भी 2022-23 में 80 फीसदी की उछाल देखने को मिली। इस बंद के नतीजे में भारत में सोयाबीन, मुर्गियों का दाना, सब्जियां, लाल मिर्च, प्लास्टिक दाना और प्लास्टिक यार्न का निर्यात प्रभावित हो सकता है। वहीं, ड्राई फ्रूट्स, ड्राई डेट्स, जिप्सनम, सीमेंट, ग्लास, रॉक सॉल्ट और हर्ब्स का आयात प्रभावित हो सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार के बंद होने से दोनों देशों के उद्योगपति, किसान और व्यापारिक संगठनों को बड़ा नुकसान हो सकता है। इसे टालने के लिए दोनों देशों को संवाद में रहकर समाधान निकालने की जरूरत है।

इंदौर बाजार भाव

इन्दौर (ईएमएस)। छुटपुट लेवाली के बीच गुरूवार को दलहनों में मसूर बाजार मजबूती पर रहे। चना बना रहा। खाद्य तेलों में कीमतें ठहरी-ठहरी रही। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में बड़ी इलायची में माल की अक्षत रही। शक्कर में बाजार सुस्त रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार मसूर में लेवाली से बाजार मजबूती के देखे गये। मसूर सुधरकर 6200 रू. प्रति क्विंटल पर आ गयी। चना पूर्वस्तर पर बना रहा। खाद्य तेलों में कीमतें ठहरी-ठहरी रही। तिलहनों में भी बाजार बने रहे। उधर, किराना जिंसों में बड़ी इलायची में माल की अक्षत से भावों में मजबूती रही। शक्कर में नरमी बनी। भाव इस प्रकार रहे

मध्यप्रदेश में आज और कल बारिश के आसार

भोपाल,ईएमएस। मप्र में गर्मी का प्रकोप जारी है। भोपाल में गर्मी का असर तेज है। इस वजह से सडक़ का डामर भी पिघल रहा है। भीषण गर्मी के बीच मध्यप्रदेश में 26 और 27 अप्रैल को बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग ने छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश होने का अनुमान जताया है। इससे पहले पूरे प्रदेश में लू का अलर्ट है।

उमा भारती ने कहा - आतंकियों के हौसले बढ़ाने में राहुल गांधी जिम्मेदारी

भोपाल,ईएमएस। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश में आक्रोश है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती कहा कि आतंकवादियों के हौसले बढ़ाने के लिए राहुल गांधी जैसे वह सभी नेता जिम्मेदार हैं, जो धारा 370 को हटाए जाने का विरोध करते रहे। पहलगाम की घटना पर पूर्व सीएम उमा भारती ने एक्स पर लिखा कि कश्मीर के पहलगाम में हुआ हमला राष्ट्रीय एकात्मकता के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। आतंकवादी कश्मीर प्रांत को भारत से अलग दिखाना चाहते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष की उल्टी गिनती, प्रधान आ सकते हैं भोपाल

नरोत्तम के नाम पर बनेगी आम सहमति

भोपाल,ईएमएस।

मप्र में भाजपा अध्यक्ष पद के इस महीने के आखिर तक एलान होने की संभावना बन गई है। जानकारी के मुताबिक तीन महीने पहले इस चुनाव के प्रभारी घोषित कर दिए गए। केन्द्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेन्द्र प्रधान इस हफ्ते भोपाल आ सकते हैं। माना जा रहा है कि मई की शुरुआत तक मप्र में भाजपा को अपना नया अध्यक्ष मिल जाएगा। फिलहाल जिन नेताओं के नाम इस रेस में उनमें लंबे समय से हाशिए पर चल रहे पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का नाम फिर सुर्खियों में आ गया है। बीते दिनों नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात के लिए भाजपा के तमाम दिग्गज नेता उनके निवास पर पहुंचे थे। हालांकि इस बीच वीडी शर्मा से लेकर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल तक दिल्ली दौड़ लगा चुके हैं। बाकी प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के ठीक पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश दौरे को भी इस चुनाव में अहम कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

सियासी गलियारों में अचानक से पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का नाम भाजपा अध्यक्ष के लिए पहले नंबर पर आ गया है। इनके पहले तक बैतूल से पार्टी के विधायक हेमंत खंडेलवाल का नाम सबसे मजबूती में था। बीते कुछ हफ्तों में नरोत्तम मिश्रा के बंगले पर सियासी सरगर्मी बढ़ी। कैलाश विजयवर्गीय से लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे

दिग्गजों की नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात हुई। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मप्र दौरा भी हुआ। उनके लौटने के बाद से ही अचानक डॉ. नरोत्तम मिश्रा का नाम प्रदेश अध्यक्ष के लिए जोर पकड़ गया।

धर्मेंद्र प्रधान करेंगे घोषणा

मप्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच इस समय सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष का एलान कब होगा। जो नेता इस दौड़ में कतार में हैं, वो भी सब्र बांधे बैठे हैं। इंतजार इस बात का है कि दिल्ली से मप्र में अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रभारी बनाए गए धर्मेन्द्र प्रधान जब आएंगे तो उनके हाथ में किसके नाम की पर्ची होगी। दिल्ली में पिछले दिनों हुई बैठक के बाद ये माना जा रहा है कि अब मध्य प्रदेश में पार्टी अध्यक्ष पद के एलान में और देर नहीं लगाएगी।

अध्यक्ष पद के लिए रेस में ये दिग्गज भी

मध्यप्रदेश में वीडी शर्मा के बाद भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन होगा। ये कार्यकर्ताओं की तरफ से पूछा जा रहा दूसरा सवाल है। मध्य प्रदेश में अध्यक्ष के चुनाव में अब तक इतनी देरी पहले कभी नहीं हुई। हेमंत खंडेलवाल अब भी इस रेस में सबसे आगे बने हुए हैं। वे संघ की पहली पसंद बताए जा रहे हैं। उधर पूर्व मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा से लेकर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल और पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया के नाम भी रेस में बने हुए हैं। कांग्रेस प्रवक्त । संगीता शर्मा कहती हैं कि भाजपा में असल में प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अध्यक्ष पद के चुनाव की गुत्थी पूरी तरह से उलझ गई है। मध्य प्रदेश में भी कतार लंबी होती जा रही है। बेचारे नेताओं कार्यकर्ताओं के सब्र की परीक्षा ली जा रही है। उधर पार्टी के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल कहते हैं कि कांग्रेस को अपनी कार्यपद्धति देखना चाहिए कि जहां जिलाध्यक्ष के चुनाव में खींचतान होती है। अब दिल्ली से नाम तय किये जा रहे हैं, क्योंकि यहां नेताओं के बीच में इतनी ज्यादा गुटबाजी है। भाजपा मजबूत संगठन वाली पार्टी है और हमारी पार्टी में हर निर्णय पूरी प्रक्रिया के साथ होता है। जब जो प्रक्रिया पूर्ण होगी, जो निर्णय होगा। वह सभी को पता चलेगा।

200 श्रद्धालुओं का जत्था पांच बसों से धर्म यात्रा पर रवाना

जीनगर समाज के युवाजन वर्तमान समय के श्रवण कुमारः ढालिया

भोपाल,ईएमएस। जीनगर समाज के 200 धर्म यात्रियों का जत्था मथुरा वृंदावन हरिद्वार ऋषिकेश ओर खाटू श्याम के पावन धामों के दर्शन हेतु 5 बसों से गणेश मंदिर टीला रामपुरा से मंत्रोंचारों के बीच समाजसेवी मुरली डाबी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व सभी तीर्थ यात्रियों का गमछा ओढ़ा मिष्ठान खिलाकर आनंदी देवी, पूनम चंद चौहान, स्मृति मंच की ओर से यात्री बैग देकर संयोजक पृथ्वीराज चौहान ने पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को भाजपा उत्तर विधानसभा प्रभारी पंकज चौकसे, पार्षद और जोन अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद शैलेश साहू ,घनश्याम कुशवाह, महेश मकवाना और जीनगर ज्योति के राष्ट्रीय संयोजक भगवान दास ढालिया ने संबोधित कर समाज के युवा जनों को आज का श्रवण कुमार बताया। इसी उत्साह से देश और सामाज हित के कार्य करने का आवाहन किया समाज के वरिष्ठ जनों ने भगवा झंडा दिखाकर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर रवि सूर्यवंशी, मुकेश मेर, सोनू पंवार, राजकुमार सांखला, सुनील सोनगरा, पवन चौहान, महेंद्र पवार, हुकुमचंद चौहान, महेश डाबी, महेन्द्र पंवार,जगमोहन राजपूत, दिनेश भोसले, सचिन पवार, ऋतिक पवार सहित काफी संख्या में मातृशक्ति ने धर्म यात्रा पर रवानागी पूर्व पहलगाम हमले की कायरना हरकत का विरोध कर दिवंगत नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी दी।

भोपाल जिपं उपाध्यक्ष-सदस्य भूख हड़ताल पर बैठे

अधूरी नल-जल योजनाओं को लेकर नाराजगी

भोपाल,ईएमएस।

भोपाल जिले में अधूरी नल-जल योजनाओं को लेकर गुरुवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य विनय मेहर, चंद्रेश राजपूत, देवकुवर हाड़ा समेत सुरेश राजपूत, अनिल हाड़ा और विनोद राजोरिया जिला पंचायत परिसर में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। जाट ने चार दिन पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को इसकी जानकारी दे दी थी। जनप्रतिनिधियों के प्रदर्शन से जिम्मेदार अफसरों की सांसें फूल गई हैं। बीती रात वे जनप्रतिनिधियों को मनाने में जुटे रहे। अधूरी योजनाओं के कारण गांवों की बड़ी आबादी गर्मी में पानी के लिए परेशान हो रही है। इसे लेकर जिला पंचायत की बैठक में मुद्दा भी उठ चुका है, पर पीएचई विभाग के जिम्मेदार नहीं जागे। इस कारण जिपं उपाध्यक्ष जाट ने कलेक्टर को पत्र लिखा था। जिसमें कहा था कि जिपं ऑफिस परिसर में ही 24 अप्रैल से भूख हड़ताल पर बैठूंगा।

सदस्य भी भूख हड़ताल पर बैठे

जिपं उपाध्यक्ष जाट ने कलेक्टर को पत्र लिखा कि 27 मार्च को साधारण सभा की बैठक हुई थी। इसमें जल जीवन मिशन योजना के तहत विभागीय अधिकारियों को 15 दिन में अधूरी नल-जल योजनाओं को पूरा करने को कहा गया था, लेकिन 23 अप्रैल का दिन भी बीत गया। बावजूद अब तक न तो कोई रिपोर्ट दी गई और न ही गांवों में पेयजल संकट खत्म हुआ है। वर्तमान में खजूरी, गुनगा, कनेरा, शाहपुरा, देवपुरा, गोलखेड़ी, कोठार, चंदेरी, ढुपडिया, कालापीपल, बागापुरा, तारा सेवनिया, आचारपुरा, करारिया, सेमरीखुर्द, खितवास, चाचाहेड़ी, गोंदीपुरा, परवलिया, बरेलाखेड़ा, लहारपुरा समेत कई पंचायतों में लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

वाहन-विकलांगता भत्ते पर सरकार की चुप्पी

सरकार के निर्णय के बाद भी जारी नहीं हुए आदेश

भोपाल,ईएमएस। मोहन सरकार ने 13 साल बाद प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों के सात भत्तों में बढ़ोत्तरी की है। इससे कर्मचारी खुश थे, पर वित्त विभाग ने सारी खुशी पर पानी फेर दिया। वित्त ने पांच भत्तों के तो आदेश कर दिए, पर वाहन और विकलांगता भत्ता के आदेश नहीं किए। इससे कर्मचारी नाराज हैं। दरअसल, कैबिनेट के निर्णय के अनुसार इन भत्तों का लाभ अप्रैल पेड मई माह के वेतन से ही दिया जाना है और जब आदेश नहीं होंगे, तो लाभ भी नहीं मिलेगा। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि अप्रैल का महीना समाप्ति की ओर है। 13 साल से जो भत्ते नहीं बढ़ाए गए थे, उन भत्तों में वृद्धि सरकार ने की, लेकिन कैबिनेट की मंजूरी के बाद भी वाहन भत्ता एवं विकलांग भत्ता देने के आदेश जारी न होने पर अप्रैल के वेतन में इनका लाभ मिलना प्रतीत नहीं हो रहा है। प्रदेश के सभी विभागों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में 13 साल के इंतजार के बाद बढ़ाए गए भत्ते के भुगतान के आदेश नहीं होने से कर्मचारियों को महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से वाहन भत्ता एवं विकलांगता भत्ता के आदेश जल्द जारी कराने का आग्रह है। ताकि कर्मचारियों को भत्तों का लाभ मिल सके। नए वित्त वर्ष में 1 अप्रैल 2025 को हुई कैबिनेट बैठक में 13 साल बाद मोहन यादव सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के हित में फैसला करते गृह भाड़ा भत्ता, स्थाई यात्रा भत्ता, अनुग्रह भत्ता, दोहरा कार्य भत्ता, अव्यवसायिक वाहन भत्ता, विकलांग भत्ता में वृद्धि की मंजूरी दी थी। 3 अप्रैल को वित्त विभाग ने भत्ते देने के आदेश जारी कर दिए, पर वाहन भत्ता 200 से 384 रुपए एवं विकलांग भत्ता 350 से 675 रुपए करने के आदेश नहीं किए।

कांग्रेस नेता विवेक तन्खा के जीवन पर आधारित फिल्म की स्क्रीनिंग भोपाल में

भोपाल,ईएमएस। जाने-माने वकील और कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म की स्क्रीनिंग शुक्रवार को भोपाल के जहांनुमा पैलेस होटल में होगी। इस डॉक्युमेंट्री फिल्म का निर्माण विख्यात फिल्म निर्माता अजय चिटनीस ने किया है। स्क्रीनिंग के अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी भी उपस्थित रहेंगे और अपने विचार रखेंगे। स्क्रीनिंग समारोह शाम को 6 बजे जहांनुमा पैलेस के रॉयल पेडॉक में होगा। डॉक्युमेंट्री 6:30 बजे शुरू होगी और 7:45 पर समापन होगा।

कायराना हमले के खिलाफ भाजपा का मशाल जुलूस, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा हुए शामिल

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में होगा आतंकवाद पर अंतिम कील ठोंकने का कार्य

भोपाल, ईएमएस। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के विरोध में भोपाल जिला भाजपा द्वारा आयोजित मशाल जुलूस में शामिल होकर न्यू मार्केट के नानके पेट्रोल पंप से रोशनपुरा चौराहे तक पैदल मार्च किया। रोशनपुरा चौराहे पर पहुंचकर आतंकवादी घटना का विरोध जताया और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद ने मशाल जुलूस के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद पर अंतिम कील ठांकने का कार्य होगा। पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया कायराना हमला भारत की आत्मा पर हमला है, जिसे भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा भारत हमले के विरोध में एक साथ खड़ा है।

मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। पूरा देश इस हमले को लेकर आक्रोशित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने तय कर लिया है कि अब भारत में आतंकवाद का अंतिम समय आ गया है। प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट कहा है कि पहलगाम में हुआ कायराना आतंकी हमला भारत की आत्मा पर हमला है। यह भारत की संप्रभुता पर आक्रमण है। प्रधानमंत्री जी ने साफ कह दिया है कि अब इस देश के अंदर आतंकवाद के सफाए का समय आ गया है। ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी जो आतंकवाद को समर्थन देते हैं और उनका हिसाब किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी ने पहलगाम का दौरा भी किया है। उन्होंने आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति को आगे बढ़ाते हुए कहा है कि कश्मीर हमारी धरती का स्वर्ग है। निर्दोष पर्यटकों पर हमला देश की अखण्डता पर आक्रमण है। अब ऐसे आतंकियों को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं जाएगा। भोपाल की जनता भी मशल जुलूस के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए आतंकियों को आगाह किया है कि इस तरह की घटना को देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

मध्यप्रदेश में जनाधार बढ़ाने अब लगातार सम्मेलन करेगी कांग्रेस

पहले प्रांतीय फिर जिला और अंत में ब्लॉक स्तर पर

भोपाल,ईएमएस। मप्र में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू हो गई है। राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद प्रदेशभर में सम्मेलन का दौर शुरू होगा। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि- पहले प्रांतीय फिर जिला और अंत में ब्लॉक स्तर पर सम्मेलन होंगे। नीचे तक संगठन को मजबूत करने के लिए कवायद की जा रही है। हम ऊपर से नीचे तक आ रहे हैं। एआईसीसी ने कई निर्णय लिए हैं। वह सब नीचे तक पालन होंगे। निचले स्तर से ऊपर तक बात पहुंचेगी। एआईसीसी का संविधान बचाओ प्रोग्राम भी आया है। इसकी पहली मीटिंग ग्वालियर में होगी, इसमें सभी नेता पहुंचेंगे। कई राष्ट्रीय नेता भी शामिल होंगे। कहा- संविधान बचेगा तो ही सभी बचेंगे अगर संविधान नहीं बचा तो देश पर गंभीर संकट होगा। भाजपा

प्रदेश प्रवक्ता, अजय सिंह यादव ने कांग्रेस के सम्मेलन पर तंज कसते हुए कहा कि- कांग्रेस की स्थिति अब अप्रासंगिक हो गई है। देश हो या प्रदेश, कांग्रेस के हालात ऐसे है कि 10 जिलों में जिला अध्यक्ष नहीं और 50 जिलों में ब्लॉक अध्यक्ष नहीं है। सम्मेलन सिर्फ दिखावा है। पटवारी अपनी नाकामी छिपाने के लिए और कांग्रेस अपनी सिर्फ उपस्थिति दिखाने के लिए ऐसे आयोजन की रूपरेखा तैयार कर रही है। ऐसे सम्मेलनों से न जनता को फायदा होने वाला है न ही इनका कोई प्रभाव कांग्रेस की बिगड़ी चाल सुधारने में काम आएगा।

राजधानी में दूसरे दिन भी प्रदर्शन, भोपाल के मुस्लिमों ने कहा...

10 मिनट में पाकिस्तान को फतह कर भारत में मिला देंगे

भोपाल,ईएमएस। भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। भोपाल में मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि 10 मिनट में पाकिस्तान को फतह कर भारत में मिला देंगे। जितनी पाकिस्तान के पूरे मुल्क की आबादी है उतनी तो हमारी तीनों सेनाएं हैं। बता दें, मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत हो गई थी। गुरूवार को सभी के गृह जिलों में उनका अंतिम संस्कार किया गया। भोपाल के इतवारा चौराहे पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी और संयुक्त मोर्चा मप्र के सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया। भोपाल के इतवारा चौराहे पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी और संयुक्त मोर्चा मप्र के सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया। मुस्लिम त्योहार कमेटी ने आतंकवाद का पुतला जलाया।

भोपाल के इतवारा चौराहे पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी और संयुक्त मोर्चा मप्र के सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगे। संयुक्त मोर्चा मप्र के अध्यक्ष शमशुल हसन बल्ली ने कहा, बार-बार पाकिस्तान की तरफ से हमले किए जाते हैं।

किसी अधिकारी का नवाचार ऐसा नहीं जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार आया हो

प्रज्ञा, सत्येन्द्र, संजय, सुशांत को मिलेगा उत्कृष्ट सेवा पदक

भोपाल,ईएमएस।

पुलिस मुख्यालय ने वर्ष 2024 के अति उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए 227 और उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए 168 अधिकारियों और कर्मचारियों को चुना है। इनमें आईपीएस प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार शुक्ला, संजय कुमार, सुशांत कुमार सक्सेना के नाम शामिल हैं। उधर पीएचक्यू की डीजीपी डिस्क लिस्ट में यह बात सामने आई है कि मध्यप्रदेश में किसी भी जिले में पुलिस कप्तान, आईजी, डीआईजी या डीएसपी, टीआई स्तर के किसी अधिकारी ने कोई ऐसा प्रयोग नहीं किया है जो पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाने वाला साबित हुआ हो। डीजीपी द्वारा दिए जाने वाले प्रशंसनीय सेवा और डिस्क सम्मान के लिए जारी सूची में यह बात भी सामने आई है कि प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रशंसनीय काम करने वाले और खेल क्षेत्र में राज्य का

प्रतिनिधित्व करते समय राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करने का काम भी कोई अधिकारी, कर्मचारी नहीं कर सका है। वहीं नक्सल विरोधी और दस्यु विरोधी अभियान के साथ अन्य कैम्पेन के दौरान भी विशेष उपलब्धि वाले काम एक साल में नहीं किए जा सके हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा महानिदेशक प्रशस्ति पत्र और डिस्क चयन को लेकर जारी की गई सूची में इन मामलों में किसी को भी प्रशस्ति पत्र और डिस्क देने के लिए नहीं चुना गया है।

इन अफसरों के नाम तय

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक अन्य निर्देश में वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के आधार पर केंद्रीय गृहमंत्री का अति उत्कृष्ट सेवा पदक और उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन किया है। इसमें अति उत्कृष्ट सेवा के लिए स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, डीआईजी प्रशासन सत्येंद्र कुमार शुक्ल के अलावा सहायक महानिरीक्षक, डीएसपी, टीआई, एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक और आरक्षक स्तर के कर्मचारी चुने गए हैं। इसी तरह उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए आईजी बालाघाट जोन संजय कुमार, आईजी चंबल सुशांत कुमार सक्सेना, डॉ आशीष आईजी इंटेलिजेंस, योगेश्वर शर्मा एसपी लोकायुक्त सागर, अनिल कुमार विश्वकर्मा एसपी लोकायुक्त उज्जैन, शैलेंद्र सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम भोपाल, डीएसपी ग्वालियर राजेंद्र कुमार खांगर, डीएसपी खरगोन रामलाल शहिदे, उमाकांत चौधरी डीएसपी इंदौर ग्रामीण, महेंद्र रायपुरिया सहायक सेनानी 35वीं वाहिनी सशस्त्र बल मंडला समेत निरीक्षक और एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षक स्तर के कर्मचारियों को चुना गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा अनसुलझे प्रकरण सुलझाने के मामले में छिंदवाड़ा जिले की डीएसपी प्रियंका पांडेय, मंदसौर जिले के टीआई अमित सोनी को प्रशस्ति पत्र और डिस्क के लिए चुना गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल न. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।